संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें
03 दिसंबर 2025, बुधवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 070
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### बंगाल की खाड़ी में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली ।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार मंगलवार सुबह 7:26 बजे बंगाल की खाड़ी में 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र समुद्र के भीतर होने के कारण तटीय इलाकों में किसी बड़े नुकसान या खतरे की सूचना नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के हल्के झटके समुद्री क्षेत्र में आम हैं ।

## ईडी की सीए नरेश केजरीवाल के 15 ठिकानों पर छापेमारी, 65 लाख जब्त

### एफइएमए के तहत ईडी ने रांची, मुंबई और सूरत स्थित ठिकानों पर छापा मारा

संवाददाता

**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के चर्चित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) नरेश केजरीवाल और उसके भाई इंदर लाल केजरीवाल और उससे जुड़े लोगों के रांची, मुंबई और सूरत स्थित ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दायरे में कुल 12 ठिकानों को शामिल किया गया है। इसमें रांची के सात, मुंबई के दो और सूरत के तीन ठिकानें शामिल हैं। ईडी ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) के तहत नरेश केजरीवाल और उसके भाई इंदर लाल केजरीवाल के कार्यालय और आवासीय परिसों पर छापामारी की है।



अधिकारिक सूत्रों के अनुसार रांची में छापेमारी के दायरे में केजरीवाल के चर्च कंप्लेक्स स्थित कार्यालय और पंचवटी प्लाजा स्थित कार्यालय और लालपुर स्थित घर को शामिल किया गया है।

छापेमारी के दौरान 65 लाख रुपये नकद और 55 लाख रुपये के सोना चांदी के सिक्के मिले हैं। साथ ही, हवाला के सहारे पैसों को विदेश भेजने से संबंधित सबूत मिले हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार की सुबह छह बजे नरेश केजरीवाल और उससे जुड़े ठिकानों पर एफईएमए के तहत छापा मारा। छापेमारी के दौरान गिरधर केजरीवाल के ठिकानों से 30 लाख रुपये नकद मिले। अजय केजरीवाल के ठिकानों से 10 लाख रुपये और इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 25 लाख रुपये नकद मिले। इसके अलावा इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 55 लाख रुपये के सोना-चांदी के सिक्के मिले हैं।

छापेमारी के दौरान मिली इन चीजों को जब्त कर लिया गया है। ईडी की ओर से एफईएमए के तहत की जांच के दौरान इस बात के सबूत मिले थे कि हवाला के सहारे विदेशों में बनी शेल कंपनियों में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।

साथ ही करीब इतनी ही रकम विदेशों से डिजिटल ट्रांसफर के सहारे मंगाया। यह प्रक्रिया काले धन को ह्वाइट करने की एक सुनियोजित प्रक्रिया के तहत की गयी है। जांच में पाया गया कि केजरीवाल और उससे संबंधित लोगों की ओर से हवाला के सहारे यूएई,यूएसए, नाईजेरिया सहित अन्य देशों में भेजने का काम किया जाता है। ईडी ने नरेश केजरीवाल के खिलाफ आयकर विभाग की ओर से की गयी छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर इस मामले में एफइएमए के तहत जांच शुरू की थी। ईडी की ओर से की गयी प्रारंभिक जांच के दौरान केजरीवाल की ओर से विदेशों में धन निवेश किये जाने के सबूत मिले हैं।

## लोकसभा और राज्यसभा में एसआईआर पर बहस को लेकर हंगामा, कार्यवाही स्थगित

### सांसद वेल में पहुंचे, वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाए

**● विपक्ष के आगे झूकी सरकार, 9 को लोकसभा में होगी 10 घंटे बहस**

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** संसद में लगातार दूसरे दिन हंगामे के बीच सरकार और विपक्ष में एसआईआर पर चर्चा के लिए सहमति बन गई है। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया कि 9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि एक दिन पहले 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है।



संसद सत्र के पहले 2 दिन एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर हंगामा हुआ। विपक्ष मंगलवार को भी एसआईआर पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा और वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाए। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों को अपने मीटिंग रूम में बुलाया। यहां सहमति बनी कि बुधवार से सदन बिना किसी हंगामे के सुचारू रूप से चलेगा।

एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का लगातार दूसरे दिन संसद में प्रदर्शन जारी है। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही सभी विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ सांसद वेल तक पहुंच गए। स्पीकर ने इस दौरान प्रश्नकाल को जारी रखा, लेकिन विपक्ष लगातार 20 मिनट तक वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाता रहा। इसके बाद कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा में भी विपक्ष का प्रदर्शन और नारेबाजी जारी रही। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए विरोध-प्रदर्शन जरूरी है। इससे पहले विपक्ष ने सुबह 10ः30 बजे संसद परिसर में मकर द्वार के सामने लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इनकी मांग है कि सरकार एसआईआर इस पर फौरन चर्चा करे। लगातार हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 3 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### संक्षिप्त खबरें

#### जेपी नड्डा से मिले रक्षा राज्य मंत्री, जन्मदिन की दी बधाई



**रांची ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से नई दिल्ली में मंगलवार को मिलकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर सेठ ने कहा कि उनके कार्यकाल में भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई प्राप्त की है। सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का हंसमुख और सरल व्यक्तित्व हर कार्यकर्ता को प्रेरणा और ऊर्जा देता है। उन्होंने ईश्वर से नड्डा के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

#### पीएमओ का नाम हुआ सेवा तीर्थ, देश में राजभवनों का नाम किया जाएगा लोकभवन

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल गया है। अब पीएमओ को सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय सचिवालय के नाम में भी बदलाव किया गया है। सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है। इन बदलावों के साथ-साथ केंद्र सरकार ने देश में राज भवनों का नाम बदल कर लोक भवन करने का भी एलान किया है। इसके पहले दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया था। वहीं प्रधानमंत्री आवास अब लोक कल्याण मार्ग कहलाता है।

## हाईकोर्ट ने पुलिस हिरासत और ट्रांजिट के दौरान मौतों की मांगी पूरी जानकारी

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने राज्य सरकार को पुलिस हिरासत या पुलिस ट्रांजिट के दौरान होने वाली मौतों के सभी मामलों का पूरा ब्योरा दाखिल करने का निर्देश दिया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि गृह विभाग के प्रधान सचिव द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र में केवल जेल या न्यायिक हिरासत में होने वाली मौतों का ही डेटा शामिल है। अदालत ने स्पष्ट किया कि पुलिस हिरासत या पुलिस ट्रांजिट में हुईं मौतों के मामले इस शपथ पत्र में शामिल नहीं थे, जबकि पिछले आदेश में सभी प्रकार की हिरासत में मौतों का ब्योरा मांगा गया था।अदालत ने सरकार की ओर से दाखिल शपथ पत्र में दी गई जानकारी पर असंतोष जताया है। अदालत ने गृह विभाग के प्रधान सचिव को व्यक्तिगत रूप से तीन सप्ताह शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें पुलिस हिरासत और पुलिस ट्रांजिट में होने वाली मौतों के सभी मामलों का स्पष्ट ब्योरा उपलब्ध हो। मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। इस संबंध में प्रार्थी मुमताज अंसारी एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। अदालत ने 25 सितंबर को पुलिस हिरासत में मौतों का संपूर्ण डेटा मांगा था, जिसका जवाब अपर्याप्त पाए जाने पर फिर से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश जारी किया है।




## पीएम बोलते हैं तब दुनिया भर के नेता ध्यान से सुनते, ये भारत की बढ़ती हुई ताकत : भागवत

एजेंसी

**पुणे ।** आरएसएस की स्थापना के सौ साल पूरे होने के मौके पर में पुणे में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोलते हैं, तब विश्व के नेता ध्यान से सुनते हैं। इसका मुख्य कारण भारत की ताकत सामने आ रही है और देश को उसका उचित स्थान मिल रहा है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी को वैश्विक स्तर पर इतने ध्यान से इसलिए सुना जा रहा है, क्योंकि भारत की शक्ति अब उन जगहों पर दिखने लगी है, जहां भारत को उचित रूप से प्रकट होना चाहिए, और इसने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर, उन्होंने जोर दिया कि किसी को केवल जश्न मनाने के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि दिए गए कार्य को निर्धारित समय के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ ने चुनौतियों और तूफानों से जूझते हुए 100 साल पूरे किए हैं, लेकिन अब आत्मचिंतन का समय है कि पूरे समाज को एकजुट करने के काम में इतना समय क्यों लगा।



भारत का महत्व और वैश्विक शांतिः आमतौर पर यह माना जाता है कि जब भारत आगे बढ़ता है, तो वैश्विक समस्याएं हल हो जाती हैं, संघर्ष कम हो जाते हैं और शांति कायम होती है।

## संचार साथी एप से सरकार करना चाहती है जासूसी : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सभी मोबाइल फोन में साइबर सिक्योरिटी एप संचार साथी को प्री-इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग (डीओटी) के आदेश पर विवाद बढऩे के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार की सफाई आई। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ये कंपलसरी नहीं है। चाहे तो यूजर इसे डिलीट कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया था कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें। इसके लिए 90 दिन का समय दिया था। इस फैसले का कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया।



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है। सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का ताजा आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है।

## वरिष्ठ भाजपा विधायक प्रेम कुमार निर्विरोध चुने गये बिहार विधानसभा के स्पीकर

एजेंसी

**पटना ।** 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता प्रेम कुमार चुन लिए गए। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। वह नवीं बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। अमर उजाला ने पहले ही बताया था कि इस पद को लेकर जनता दल यूनाईटेड और भारतीय जनता पार्टी के अंदर कोई गतिरोध नहीं है। सोमवार को बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर के सामने तेजस्वी यादव के पहले और मंत्रियों के बाद विधायक के रूप में डॉ. प्रेम कुमार ने शपथ ली थी। इसके बाद बिहार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चयन के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। आज उन्हें निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। गया टाउन से भाजपा विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए नेतृत्व और पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। उनके आदेश के बाद मैंने अपना नामांकन किया था। आज मुझे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। नौवीं बार विधायक चुनकर यहां पहुंचा हूं, इसलिए जनता जनार्दन का भी मैं धन्यवाद करता हूं।



## देश की एकता-अखंडता के खिलाफ गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस, पांच वर्षों में 23 संगठन अवैध घोषित : केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार किसी भी प्रकार की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस (शून्य सहनशीलता) नीति अपनाती है। पिछले पांच वर्षों में सरकार ने 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत की गई है। यह जानकारी गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। गृह राज्यमंत्री राय ने बताया कि राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त किसी भी संगठन के खिलाफ सख्त और सतत कदम उठाए जाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन पांच वर्षों के दौरान जिन 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया गया है, उनमें एसआईएमआई, यूएलएफए, एटीटीएफ, विभिन्न मणिपुरी उग्रवादी संगठन, एनएलएफटी, एनएससीएन (के), हाइन्न्यूत्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल, एलटीटीई, इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन, पीएफआई और इसके सहयोगी संगठनों सहित जम्मू-कश्मीर के कई चरमपंथी संगठनों के नाम शामिल हैं।

## क्या हम घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करें : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने रोहिंग्या घुसपैठियों की हिरासत में गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से सवाल पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि हम अवैध घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछा कर स्वागत करें। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि मई महीने में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्या को उठाया था और उनका अभी तक कोई अता-पता नहीं है। तब मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि क्या भारत सरकार ने रोहिंग्याओं को शरणार्थी का दर्जा दे दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अवैध तरीके से देश में घुस आने के बाद वे फूड, शेल्टर और बच्चों के लिए शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के हकदार बन जाते हैं। हमारे अपने देश में गरीब लोग हैं। क्या उन गरीब लोगों का इन सुविधाओं पर कोई हक नहीं बनता। याचिका में इन रोहिंग्या को कानून के मुताबिक वापस भेजे जाने की मांग की गई है। याचिका रीता मनचंदा ने दायर की है।

## इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद फ्लाइट में बम की धमकी निकली झूठी, जांच शुरू

एजेंसी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो के कुवैत-हैदराबाद फ्लाइट में बम की धमकी की सूचना जांच के बाद झूठी साबित हुई है। हालांकि इस मामले में बम की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

मुंबई एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी मिलने के बाद प्रोटोकॉल के मुताबिक प्रोसीजर फॉलो किए गए। सिक्योरिटी एजेंसियों के एयरक्राफ्ट की जांच शुरू करने से पहले पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया।

मुंबई एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि कुवैत से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट को बम की धमकी मिलने के बाद मंगलवार सुबह मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद एयरक्राफ्ट ने सुबह 7.45 बजे इमरजेंसी लैंडिंग की और पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## पिकअप से भारी विस्फोटक बरामद,10 किलोमीटर तक तबाही मचा सकता था धमाका

एजेंसी

**राजसमंद ।** दिल्ली में हुए कार बम धमाके के बाद राजस्थान पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इसी बीच श्रीनाथजी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध विस्फोटक सामग्री से भरी एक पिकअप को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक भरा था कि अगर इसमें ब्लास्ट होता तो करीब 10 किलोमीटर के दायरे में बड़ा नुकसान हो सकता था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पिकअप आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की ओर जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में ले लिया। पिकअप में भरा विस्फोटक देखकर पुलिस टीम भी हैरान रह गई। इसके बाद तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया और उन्हें भी घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

काउंटिंग और विस्फोटक की नेचर की जांच जारी

अधिकारियों के अनुसार पिकअप में मौजूद विस्फोटक की मात्रा इतनी अधिक थी कि इसका ब्लास्ट बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकता था। फिलहाल पुलिस टीम जब्त की गई सामग्री की गिनती कर रही है और उसकी नेचर तथा क्षमता की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि विस्फोटक कहां से लाया गया और इसे किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड ने सौराष्ट्र को 84 रन से हरा दिया

संवाददाता

**रांची ।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियय में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी में मंगलवार को झारखंड ने सौराष्ट्र को 84 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने 50 गेंद पर शानदार 93 रन बनाए।इशान शतक से भले चूक गए, लेकिन उनकी इस पारी की बदौलत झारखंड ने 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 209 रन बनाए। ईशान किशन ने अपनी पारी में 11 चौके और 3 छक्के लगाए। रॉबिन मिंज ने 28, अनुकूल रॉय ने 27 और विराट सिंह ने 20 रन का योगदान दिया। चेतन सक्रिय ने 42 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए।जवाबी पारी खेलने उतरी सौराष्ट्र की टीम 15.1 ओवर में 125 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए प्रेरक मांकड़ ने 39, रुचित और लक्की ने 20-20 रन बनाए। झारखंड के गेंदबाजों ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी की अनुकूल रॉय ने 25 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए। सुशांत और अमित ने 2-2 विकेट प्राप्त किए।




## पैनासोनिक कंपनी ने कैप्टन कूल एमएस धोनी को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने क्रिकेटिंग आइकन और दुनिया भर में कैप्टन कूल के नाम से मशहूर पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को भारत में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है।

यह साझेदारी पैनासोनिक को भारत में शीर्ष एयर कंडीशनर ब्रांड बनने और करोड़ों भारतीय परिवारों के साथ कनेक्शन को मज़बूत करने के अपने विज़न को तेज़ कर रही है। धोनी के पैनासोनिक परिवार से जुड़ने से देशभर में उपभोक्ताओं के बीच ब्रांड की पहचान और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा।

धोनी का स्वागत करते हुए तदाशी चिबा, एमडी और सीईओ, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने कहा, यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिंब है।




पिछले 100 से अधिक वर्षों से पैनासोनिक वैश्विक स्तर पर विश्वसनीयता, नवाचार और सार्थक योगदान का प्रतीक रहा है, और हम इन्हीं मूल्यों को भारत में और मजबूत कर रहे हैं। धोनी का शांत नेतृत्व और भरोसेमंद प्रदर्शन इस भावना को दर्शाता है। धोनी सिर्फ स्टार पावर ही नहीं, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं से गहरा जुड़ाव भी लाते हैं। हम मिलकर भारत में पैनासोनिक की यात्रा का एक यादगार अध्याय लिखने की उम्मीद करते हैं।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, हममें से कई लोगों के लिए भारत में बड़े होते समय पैनासोनिक सिर्फ एक जापानी ब्रांड नहीं था, बल्कि हमारे रोज़मर्रा के जीवन का हिस्सा था।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी फरियाद



संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** जनता दरबार में डीसी आदित्य रंजन ने मंगलवार को लोगों की फरियाद सुनी। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। कुछ मामलों को निबटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया था। जनता दरबार में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग समस्या समाधान के लिए आए थे। जनता दरबार में जमीन सीमांकन करने, म्यूटेशन करने, जमीन पर हुए अवैध कब्जा हटाने, आवास योजना का लाभ देने के आवेदन आए। पेंशन चालू कराने, घरेलू पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, मुआवजा संबंधित मामले, ईलाज हेतु आर्थिक सहायता समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत की डीसी ने जानकारी ली।

डीसी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## लिखित आश्वासन के बाद राज सिंहा ने समाप्त किया अनिश्चितकालीन धरना

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम की ओर से मिले लिखित आश्वासन के बाद विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार की शाम अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया। नगर निगम के मुख्य द्वार पर चल रहे धरना स्थल पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार समेत कई पदाधिकारी पहुंचे और विधायक से विस्तृत बातचीत की।वार्ता के दौरान राज सिन्हा ने नगर आयुक्त से सड़कों और विकास कार्यों को लेकर स्पष्ट व लिखित आश्वासन की मांग की। नगर आयुक्त द्वारा लिखित आश्वासन सौंपे जाने के बाद विधायक ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त ने भरोसा दिया है कि एंटी करप्शन ब्यूरो से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लिया जाएगा, ताकि शहर में रुके हुए सभी विकास कार्यों को गति मिल सके।आश्वासन पत्र में शहर की जर्जर सड़कों के त्वरित निर्माण का वादा किया गया है। साथ ही कुछ नई सड़कों को भी चिन्हित किया गया है जिनका निर्माण जल्द शुरू होगा। निगम ने कहा है कि विकास परियोजनाओं में किसी तरह की देरी नहीं होने दी जाएगी।इधर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि वह जल्द से जल्द एंटी करप्शन ब्यूरो से एनओसी प्राप्त करने का प्रयास करेंगे, ताकि रुके हुए कामों को आगे बढ़ाया जा सके। बताते चले की 200 करोड रुपए के प्राक्कलन घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच जारी है। यही कारण है कि धनबाद नगर निगम के विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## झरिया में वायु प्रदूषण दिल्ली से भी अधिक डा. मनोज



**धनबाद।** राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस पर भागा स्वतंत्र भारत उच्च विद्यालय में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण कर प्रदूषण नियंत्रण की शपथ ली। झरिया में कोयला खनन से होने वाले वायु प्रदूषण का मुद्दा जोर शोर से उठाया गया। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि झरिया में वायु प्रदूषण दिल्ली से अधिक है, लेकिन यहां का प्रदूषण हमारे रहनुमाओं को दिखाई नहीं देता है। कोयलांचल में लोग प्रदूषण के कारण गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि झरिया का प्रदूषण एक बड़ा मुद्दा है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की जरूरत है। झरिया में प्रदूषण का दुष्प्रभाव भोपाल गैस त्रासदी से अधिक हो सकता है। मो अखलाक ने कहा कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित नहीं किया गया तो झरिया के लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान शिक्षिका छाया कुमारी, राजेश कुमार चौधरी, शालिनी कुमारी, उज्जवल कर, उत्पल कुमार, अखिलेश कुमार,एकराम अंसारी, तरन्नुम जहां, शायदा हाशिम खत्मा, माधवी झा, जितेंद्र यादव, अभिषेक रावत, शेखर सिंह, शशिकांत एवं हरिपदो महतो उपस्थित थे।

## ओरिएंटल माइंस के निकट अवैध 25 टन कोयला बरामद

**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के ओरिएंटल माइंस के निकट मंगलवार की सुबह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने छापामारी कर 25 टन कोयला बरामद किया। बताया जाता है कि अवैध कोयले के धंधेबाजों ने ओरिएंटल माइंस के निकट 25 टन कोयला को जमा कर रखा गया था। गुप्त सूचना के आधार पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने छापामारी की गई।सीआईएसएफ ने बरामद कोयले को गोविंदपुर एरिया 3 के प्रबंधन को सौंप दिया।छापामारी के बाद अवैध धंधेबाजों में हड़कंप व्याप्त है।

## चापड़ और चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले युवक हिरासत में

**धनबाद।** शहरपुरा बाजार मे चापड़ और चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले एक युवक को सिंदरी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने उस युवक को धर दबोचा। जानकारी के अनुसार युवक दुकानदारों को डराना चाह रहा था। युवक नशे में था। जानकारी के अनुसार युवक देर शाम शेख चापड़ और चाकू के साथ अमीनुद्दीन की हार्डवेयर दुकान पर पहुंचा और उनसे पैसा मांगने लगा। बकझक होने के क्रम में मोइनुद्दीन के हाथ के तलहथी में चोट लगी है। जाते-जाते युवक ने गल्ले से कुछ रुपए ले भागा। युवक की पहचान सीमाटांड़ निवासी निरंजन कर्मकार का पुत्र समर कर्मकार के रूप में हुई है। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि जांचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बस स्टैंड की जमीन के लिए विधायक ने की बैठक

**धनबाद।** विधायक अरूप चटर्जी ने एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ,अंचल अधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी के साथ बैठक की। इसमें चिरकुंडा बस स्टैंड के लिए सरकारी जमीन देने पर चर्चा हुई । बैठक में प्रखंड कार्यालय के बाउंड्री वॉल, प्रखंड कार्यालय के बगल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के लिए जमीन आवंटन पर भी चर्चा की गई। बैठक में विधायक अरूप चटर्जी के ने कहा गया कि जल्द से जल्द इन सभी जमीन के लिए एनओसी दिया जाए ताकि इस क्षेत्र में बस स्टैंड, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय का बाउंड्री वॉल का काम पूरा हो सके। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ,अस्सिटेंट इंजीनियर अंकित पाराशर ,सिटी मैनेजर मुकेश रंजन, महिला मोर्चा जिला सचिव लखी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन चिन्हित करने और मशीन खरीद पर जोर

### अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दो दिनों में रिपोर्ट सौंपने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज उनके कक्ष में सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर विभाग के उप सचिव ध्रुव प्रसाद भी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य था 15वें वित्त आयोग की राशि से चिकित्सा उपकरणों की खरीद एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन के चिन्हितिकरण की प्रगति की समीक्षा। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने जिलावार जमीन चिन्हित करने की स्थिति पूछी। कई जिलों ने जमीन चिन्हित होने की जानकारी दी, जबकि कुछ जिलों में अभी प्रक्रिया लंबित पाई गई। इस पर उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी जमीन चिन्हित नहीं हुई है, उसे तत्काल चिन्हित कर अधिकतम दो दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।साथ ही उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि से अस्पतालों में




आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सीएचसी-वार विस्तार से रिपोर्ट सौंपी जाए, जिसमें ईसीजी, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की वास्तविक जरूरत स्पष्ट रूप से बताई जाए। उन्होंने कहा कि जिलों में जरूरत के अनुसार मशीनें राज्य स्तर से खरीदी जाएंगी और भेजी जाएंगी। बैठक के अंत में अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य है, और किसी भी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

## वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में झारखंड से पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : कमलेश

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को रांची के कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी झारखंड से हो इस पर जिलावार समीक्षा की गई। साथ ही झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत होने वाले मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया का विरोध करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी लोगों के अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने की जगह सरकार अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के माध्यम से देश में एसआइआर के जरिए विपक्ष के




समर्थक मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं और फर्जी मतदाताओं का नाम जोड़कर राज्यों के चुनाव की चोरी की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता एसआइआर की जटिल प्रक्रिया नहीं समझ पा रही है और लोग दशकों पूर्व के कागजात खोजने में परेशान हैं। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर की रैली में झारखंड से पांच हजार लोग शिरकत करेंगे। बैठक में जूम के मध्यम से सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह, बंधु तीर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, अनादि ब्रह्म, ब्रजेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, भीम कुमार सहित अन्य अपस्थित थे।

## धनबाद का आधार सेवा केंद्र हुआ बंद, लोगों में बढ़ी बेचैनी

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के तहत धनबाद के लुबी सर्कुलर रोड और सरायढेला में चल रहा दोनों आधार सेवा केंद्र बंद हो गया है, जिससे लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अधिकारियों की माने तो अब धनबाद में बस एक ही आधार सेवा केंद्र होगा, जो सरायढेला स्थित बिगबाजर में चेलगा। धनबाद के यूआईडी डीपीओ अमित कुमार सिंह ने मंगलवार को इस संबंध में बताया कि लुबी सर्कुलर रोड स्थित एसएसएलएनटी कॉलेज के पीछे बना आधार केंद्र और सरायढेला स्थित आधार केंद्र बंद हो गया है, दरअसल भारत सरकार के साथ इनका अनुबंध समाप्त होने की वजह से केंद्र बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि अब धनबाद में सिर्फ सरायढेला स्थित बिगबाजर के पास बना आधार केंद्र ही सुचारू रूप से चलेगा, फिलहाल वह भी मरामती कार्य की वजह से बंद है, जो 15-20 दिनों में लोगों के लिए खोल दिया जाएग। उन्होंने बताया कि धनबाद की जनता को इससे घबराने की जरूरत नही है, क्योंकि जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय पर झारखंड सरकार की ओर से एक-एक आधार किट उपलब्ध कराया गया है, इसके साथ ही सभी बीआरसी पर बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है, इंडिया पोस्ट को भी 60 किट दिया गया है, उन्हें 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का आधार कार्ड बनाने की जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही वह मोबाइल नंबर से लेकर पता भी अपडेट करेंगे। जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्रों को भी टेबलेट और आधार मशीन उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएससी, कुछ बैंकों में भी आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया जरी है ।

## आईआईटी धनबाद में बुधवार से शताब्दी स्थापना सप्ताह का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।**आईआईटी धनबाद अपनी 100 वर्षीया ज्ञान-यात्रा के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुँच गया है। बुधवार,3 दिसंबर से प्रारंभ होने वाला शताब्दी स्थापना सप्ताह को लेकर शिक्षण संस्थान पूरी तरह से तैयार है। यह सप्ताह न केवल संस्थान की ऐतिहासिक उपलब्धियों का भव्य उत्सव है, बल्कि भारत के वैज्ञानिक, तकनीकी और राष्ट्रीय विकास के आगामी दौर की दिशा भी निर्धारित करेगा। वर्ष 1926 में रॉयल स्कूल ऑफ माइन्स, लंदन की तर्ज पर स्थापित इस संस्थान ने भारतीय खनन एवं भू-विज्ञान शिक्षा को एक नई ऊँचाई दी और समय के साथ अब यह आधुनिक इंजीनियरिंग, ऊर्जा विज्ञान, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास, क्रिटिकल मिनरल्स, रोबोटिक्स और डिजिटल टेक्नोलॉजीज का अग्रणी केंद्र बन चुका है।शताब्दी वर्ष के इस उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा मुख्य




अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय नीति-निर्माण, सुशासन तथा तकनीकी परिवर्तन के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनकी भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है, और उनका आगमन इस ऐतिहासिक अवसर के महत्व को और अधिक रेखांकित करता है। उद्घाटन के अवसर पर कई विशिष्ट वक्ता, वैज्ञानिक, वरिष्ठ प्रशासक, उद्योग-जगत के नेता और भू-विज्ञान एवं ऊर्जा क्षेत्रों के दिग्गज भी उपस्थित रहेंगे, जिनके चित्र संस्थान के आधिकारिक बैनर में प्रदर्शित हैं।पहले दिन का कार्यक्रम संस्थान की परंपरा और आधुनिक भारत की तकनीकी आकांक्षाओं, दोनों को जोड़ते हुए तैयार किया गया है। सुबह शताब्दी वृक्षारोपण से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जो संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और 'ग्रीन कैंपस' की दिशा में उसके संकल्प का प्रतीक है। इसी समय शताब्दी रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा है।इसके बाद पेनमैन ऑडिटोरियम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ औपचारिक उद्घाटन होगा। जिसके बाद होगा पहला प्रमुख विचार-विमर्श सत्र अमृत काल विमर्श- विकसित भारत ञ्च 2047 जो आने वाले सप्ताह के बौद्धिक वातावरण को परिभाषित करेगा। यह विमर्श इस बात पर केंद्रित होगा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत को विज्ञान, तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता के आधार पर किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, और इस परिवर्तन में आईआईटी जैसे संस्थानों की क्या भूमिका होनी चाहिए।दिन का सबसे आकर्षक और नवाचार-प्रधान चरण होगा ज्ञान-विज्ञान प्रांगण का उद्घाटन, एक विस्तृत विज्ञान एवं तकनीक प्रदर्शनी, जिसमें 3डी मेटावर्स आधारित माइनिंग एप्लिकेशन, सेस्मोलॉजी के उन्नत मॉडल, डिजिटल ट्विन, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समर्थित औद्योगिक समाधान, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकें, और भविष्य की इंजीनियरिंग प्रयोगशालाओं की प्रभावशाली झलक देखने को मिलेगी।

## ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

**बोकारो।** बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में हुए हादसे में मजदूर आशुतोष कुमार (25) की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। आशुतोष पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्यरत था। हादसे के बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से सिवान (बिहार) का निवासी था और बालीडीह की झोपड़ी कॉलोनी में रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री परिसर में स्थानीय लोगों और मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। मजदूरों ने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन और स्थानीय नेताओं के बीच वार्ता हुई।

## युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठियो में सोमवार की रात आपसी विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर घटना में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 साल का अरशद अंसारी सोमवार रात अपने घर के पास बैठकर आग ताप रहा था। तभी बाइक से आए हथियारबंद बदमाशों ने अरशद को गोली मार दी। परिवार और आसपास के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने अरशद को मृत घोषित कर दिया। अरशद के भाई मो. जिलानी ने बताया कि अरशद पेंट-पुट्टी का काम करता था। जमीन विवाद से उसका दूर-दूर तक नाता नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## भूमिगत खदान से उठता जहरीला धुआं, ग्रामीणों में दहशत बढ़ी

**धनबाद।** बीसीसीएल कतरास एरिया-4 अंतर्गत माँ अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी की बंद पड़ी भूमिगत खदान से लगातार उठ रहा जहरीला धुआं आसपास के ग्रामीणों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। पिछले कई दिनों से उठ रहे घने काले धुएं ने पूरे इलाके को धुंध और दुर्गंध से भर दिया है, जिससे करीब 3000 की आबादी प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों के मुताबिक, भूमिगत कोयला परतों में आग लगातार सुलग रही है, जिसके कारण घरों के अंदर तक धुआं भर जा रहा है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा पीड़ितों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। लोगों में इस बात को लेकर गहरी चिंता है कि यदि आग का दायरा बढ़ा, तो पूरा क्षेत्र खतरे की चपेट में आ सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि भूमिगत आग अक्सर स्वतः प्रज्वलन, विद्युत दोष, घर्षण से उत्पन्न ताप या नियंत्रित तरीके से विस्फोट नहीं होने जैसी वजहों से भड़कती है। आग के कारणों की जांच बीसीसीएल स्तर पर की जा रही है।वहीं बीसीसीएल अधिकारियों का कहना है कि टीम द्वारा आग को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## जमीन संबंधी मामलों का निबटारा सात दिन में करने की मांग

**धनबाद ।** भौंरा के रैयतों ने बीसीसीएल के पूर्वी झरिया प्रबंधन को जमीन संबंधित मामले को जल्द से जल्द हाल करने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन करने की बात कही है। जमीन संबंधी मामलों को एक सप्ताह निबटाने को कहा है। रैयतों ने प्रबंधन को ज्ञापन भी सौंपा।रैयतों ने कहा कि एफडी मीटिंग में रैयत विश्वनाथ महतो का 69 डिसमिल सहित अन्य रैयतों के जमीन के बदले मुआवजा भुगतान कराने कि बात प्रबंधन की ओर से कही गयी थी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कार्रवाई नहीं हुई तो भौरा सी 2 पैच आउटसोर्सिंग परियोजना व कोयला डिस्पैच बंद कर दिया जाएगा। झामुमो नेता अशेष सिन्हा ने कहा कि रैयत विश्वनाथ महतो की 69 डिसमिल जमीन का मुआवजा भुगतान के लिए बीसीसीएल के सीएमडी से एप्रूवल मिल गया है। भौंरा में डीसी के आदेश के बाद भी रैयतों की जमीन का उपयोग प्रबंधन कर रहा है।

## बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव हेमंत सरकार की जनविरोधी सोच का नमूना : प्रतुल

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से प्रस्तावित बिजली दरों में 60 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को जनता पर थोपे गए जबरन आर्थिक अत्याचार करार दिया। प्रतुल ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हेमंत सरकार ने आम जनता, किसान, छोटे दुकानदार और उद्योग-धंधों के साथ धोखा करने की ठानी हुई है। शाहदेव ने कहा कि ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं पर 6.70 से बढ़ाकर 10.20 प्रति यूनिट करने की तैयारी है। प्रतुल ने कहा कि सरकार के फैसले से लगभग 30 प्रतिशत की मार शहरी उपभोक्ताओं पर 6.85 से बढ़ाकर 10.30 प्रति यूनिट फिर 30 प्रतिशत की चोट, मासिक चार्ज में अलग से भारी बढ़ोतरी, कमर्शियल कनेक्शन पर बेतहाशा




टैक्स जैसा बोझ और औद्योगिक कनेक्शन पर भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि की तैयारी है। भाजपा करेगी इस वृद्धि का विरोध प्रतुल ने कहा कि यह वही सरकार है जो चुनावों में मुफ़्त बिजली, सस्ती बिजली, सब्सिडी की बात करती थी और अब कुर्सी मिलते ही जनता की जेब काटने में लगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता पहले ही बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है और ऊपर से बिजली की कीमतें आसमान पर पहुंचाकर यह सरकार जनता को अंधेरे में धकेलने पर तुली है।

## धनबाद की अनिता मजूमदार ने हैदराबाद टाइम्स वीक में किया रैंप वॉक

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** धनबाद की अनिता मजूमदार में हैदराबाद रैंप वॉक किया। उन्होंने हैदराबाद के पार्क हयात होटल में आयोजित टाइम्स फैशन वीक में भाग लिया। धनबाद की बेटी पूर्व मिस इंडिया अनिता मजुमदार को दूसरी बार रैंप पर वॉक करने का मौका मिला। इस फैशन वीक के ऑर्गनाइजर टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेजेंटेड बाय रैमकी एस्टेट्स एंड एनआईएफ ग्लोबल थे। शो की कोरियोग्राफी वीएमएल सिल्क ने की। शो के डायरेक्टर लोकेश शर्मा थे। अनिता ने रैंप वाक में आकर्षक अंदाज में बहुत ही शानदार परफॉर्मेंस देकर अतिथियों व दर्शकों की तालियां एवं प्रशंसा बटोरी। अनिता ने बताया इस प्रतिष्ठित रैंप



वॉक में परफॉर्म करने के पिछले प्रदर्शन के आधार पर

निमंत्रण मिला था। पिछले बार भी हैदराबाद टाइम्स वीक में हिस्सा लेकर अपना जलवा बिखेर कर सुर्खियां बटोरी थी। कहा कि दूसरी बार भी मौका मिलने से बहुत ही गौरवांवित महसूस कर रही हूँ। खासकर धनबाद का नाम रोशन करके मुझे बहुत ज्यादा हार्दिक व आत्मिक संतुष्टि मिलती है।

## पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से मारा, मौत

**गुमला ।** गुमला जिले के टोटो थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। टोटो नवाटोली गांव में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने खाना खाने को लेकर हुए विवाद में अपनी 39 वर्षीय पत्नी की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी की बहन सुशीला उरांव ने घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टोटो नवाटोली निवासी सरोज उरांव (39) अपने पति संदीप उरांव की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण मंगलवार सुबह उन्हें लोरो गांव में एक वैद्य के पास इलाज के लिए ले गई थीं। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली है। सरोज पति को कुछ दूर से पकड़कर घर वापस लाईं इलाज के बाद घर लौटने पर सरोज खाना परोस रही थीं, तभी संदीप वहां से भागने लगा। सरोज उन्हें कुछ दूर से पकड़कर घर वापस लाईं। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। गुस्से में संदीप ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और सरोज के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## ब्राउन शुगर के 161 पुड़िया के साथ महिला गिरफ्तार

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। सदर थाना क्षेत्र में अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस ने सिद्देश्वर मंदिर के पास एक जनरल स्टोर में छापेमारी की। मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर बहामन टूटी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि दुकान संचालिका संगीता तिवारी ( 50)को मौके से 161 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि संगीता तिवारी के खिलाफ सदर थाना में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, संगीता तिवारी इससे पहले भी वर्ष 2021 में ब्राउन शुगर की बिक्री के मामले में जेल जा चुकी है। उसका नाम सदर थाना (कांड संख्या 82/2021) में भी पूर्व से दर्ज है।

## झामुमो ने संचार साथी ऐप पर उठाए सवाल, कहा- सच में यह डरावनी है

**रांची।** झामुमो ने संचार साथी ऐप पर सवाल उठाया है। पार्टी ने कहा है कि अभी हमने संचार साथी ऐप की परमिशन्स देखी, सच में यह डरावनी है।उमीद है की नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी इस पर कुछ बोलने का साहस दिखायेंगे।ये ऐप हमारी कितनी पर्सनल चीजों तक मांग रहा है, जरा खुद समझें। झामुमो ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा है कि एक भाजपा के सरकारी सेवा ऐप को हमारी इतनी प्राइवेट चीजों की जरूरत क्यों है?

## एनएच पर हादसा, महिला की मौत

**धनबाद।** गोविंदपुर में एनएच- 19 पर मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के विश्वाडीह निवासी संगीता कुमारी। (50) की मौत हो गई। बताया जाता है कि संगीता कुमारी अपने पति सुनील कुमार सिंह के साथ स्कूटी से गोविंदपुर पहुँची थीं। स्कूटी रोकने के बाद वह पैदल ही सड़क क्रॉस करने लगीं। बता दें कि वह लगभग सड़क पार कर हीं चुकी थीं की तभी अचानक तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि संगीता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनके सिर में गहरी चोट आई। मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को तुरंत धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेजा गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका खोबोर**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद होतेते भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन लातार रे ओलाकान कामी फान्डाव लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना।ई-ठिक सं याः ईएल/43/खुली/2025-26, कामी रेयाक् जुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः धनबाद मंडल रे टाइप II-421, टाइप III-119, टाइप IV-80, आर टाइप V-27 स्टाफ क्वार्टरको रेयाक् रिवायरिंग। (कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः गेलबार चान्दो), कामी रेयाक् मोट पूंजीः रु. 2,31,81,325.98, बिड सिक्युरिटीः रु. **2,65,900/-**

ई-ठिका सं याः ईएल/44/खुला/2025-26, कामी रेयाक् जुतुम, जायगाआर पुराउ सोमोयः (अ) पहाड़पुर-धनबाद डिवीजन रेयाक् पहाड़पुर डिपो रे ओएचई डिपो आर टॉवर वैगन शेड लाटूय आर चिरहाय बाखरा रे बिजली तेयाक् कामी (ब) धनबाद डिवीजन रेयाक् जुदा-जुदा पंप हाउसको रे एपीएफसी पैनल बेबोसताय। (कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः गेलबार चान्दो), कामी रेयाक् मोट पूंजीः **रु.22,33,718.21**, बिड सिक्युरिटीः **रु.44,700/-**

बिड मूल्यांकन प्रणालीः एक पैकेट प्रणाली, ई-ठिका बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः ई-ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीकः माहित 19.12.2025 हिलोक् 11.00 बजे। ई-ठिका झिजुक् रेयाक् तारीकः माहित 19.12.2025 हिलोक् 11.30 बजे तायोम। वेबसाइट रेयाक् बानाडायः वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई-ठिका तारी रे मैन्युअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/ पूमरे/धनबाद)

**पीआर/1349/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/40**

## पुल निर्माण का शिलान्यास



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के सबनपुर पंचायत में मंगलवार का दिन स्थानीय लोगों के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंझलाडीह और आहरडीह के बीच जोरिया पर बड़े पुल निर्माण का विधिवत शिलान्यास किया। लंबे समय से प्रतीक्षित यह परियोजना इलाके की कनेक्टिविटी और विकास का नया द्वार खोलने वाली मानी जा रही है। भारी जनसमूह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अंसारी भावुक भी दिखे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान उनकी गाड़ी इसी जोरिया में फंस गई थी, और तभी उन्होंने संकल्प लिया था कि विजय मिलने पर पुल निर्माण अवश्य कराएंगे। उन्होंने कहा कि जनता का अपार समर्थन और 50,000 मतों की रिकॉर्ड जीत उनके काम की प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाती है। पुल निर्माण से शिक्षा, व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य सेवाओं और आवागमन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। ग्रामीणों का कहना है कि अब बच्चों की पढ़ाई, किसानों की उपज की ढुलाई और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता और आसान होगी। शिलान्यास के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा और लोगों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र का उत्साह और पुल से जुड़ी उम्मीदें साफ झलकती रहीं।

## डीसी ने सुनीं 50 से अधिक फरियादें



**जामताड़ा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में जिले भर से पहुँचे लोगों की समस्याएँ सुनीं। करीब 50 फरियादियों ने आंगनबाड़ी चयन, आवास योजनाओं, नियुक्ति पत्र, जमीन विवाद, बैंक ऋण, राशन कार्ड, मनरेगा और लगान जमाबंदी से जुड़े मामलों सहित विभिन्न शिकायतें रखीं। डीसी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन की अनियमितताओं पर उन्होंने जांच का आश्वासन दिया। वहीं सेविका/सहायिका से जुड़े आवेदनों की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं करने पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से स्पष्टीकरण माँगा। बैंक ऋण में एफडी राशि कटौती के मामले में जिला उद्योग केंद्र से अद्यतन प्रतिवेदन देने को कहा गया। जमीन विवाद और अवैध कब्जे के मामलों को एसडीओ को सौंपा गया। पीएम आवास की किस्त रोकने की शिकायत पर डीसी ने तत्क्षण फोन कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।टीजीटी शिक्षक की नियुक्ति से जुड़े मामले में भी जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। डीसी ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार आयोजित होता है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे निसंकोच अपनी समस्याएँ रखें, प्रशासन हर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करेगा।

## मेला नीलामी में फिर मचा घमासान

**संताल एक्सप्रेस जामताड़ा।** जिले के प्रसिद्ध करमदाहा मकर संक्रांति मेला-2025 की नीलामी इस बार भी विवादों से घिरी रही। जिला परिषद सभागार में मंगलवार को हुई नीलामी में मेला का डाक 59 लाख 7 हजार रुपये में तय हुआ, जिसे चंदाडीह लखनपुर के मुर्शीद अंसारी ने हासिल किया। लेकिन प्रशासन द्वारा एक बोलीदार को प्रक्रिया से बाहर रखने पर माहौल गरमा गया। एक को रोकने से भड़का विवाद नीलामी में कुल चार आवेदक पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने मिन्हाज अंसारी को बोली लगाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद केवल मुर्शीद अंसारी, इम्तियाज अंसारी और फुरकान अंसारी ने बोली में हिस्सा लिया। सबसे ऊंची बोली मुर्शीद की रही। पुराना बकाया बना रोड़ा डीडीसी निरंजन कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष मिन्हाज अंसारी के चाचा द्वारा लिए गए मेला डाक का 9 लाख रुपये अब भी बकाया है और मामला न्यायालय में लंबित है। इसी कारण इस वर्ष मिन्हाज को नीलामी से प्रतिबंधित किया गया। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 5,000 रुपये अधिक राजस्व मिला है। मिन्हाज अंसारी का आरोप मनमानी हुई, नीलामी रद्द हो प्रक्रिया से बाहर किए जाने पर मिन्हाज अंसारी ने कड़ा विरोध जताया। उनका कहना है कि मेरे चाचा का मामला अलग है। मेरे परिवार पर कोई बकाया नहीं, फिर भी मुझे रोक दिया गया।

## प्रो. द्विवेदी को मिला कोलकाता एडम्स यूनिवर्सिटी का गौरव सम्मान



**मिहिजाम।** दुर्गापुर स्थित मांगलिक हॉल में आयोजित भव्य समारोह मिट एंड ग्रीट सेलिब्रेटिंग पार्टनरशिप इन एजुकेशन एंड ग्रोथ में ब्रिलियंट एकेडमी के निदेशक प्रो. कृष्ण कुमार द्विवेदी को शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु एडम्स यूनिवर्सिटी, कोलकाता द्वारा विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) समीत राय ने प्रशस्ति-पत्र सौंपकर उन्हें सम्मानित किया।कार्यक्रम में एडम्स यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ प्रतिनिधि, प्रिंसिपल, प्रोफेसर, टीचर्स एसोसिएशन के चेयरमैन सहित अनेक शिक्षाविद मौजूद रहे।वक्ताओं ने प्रो. द्विवेदी की दूरदर्शी सोच, शैक्षणिक नवाचार और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रो. द्विवेदी ने अपने कार्यों से शिक्षा जगत में उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया है।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**नाला (जामताड़ा)।** महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को नाला प्रखंड के बान्दो मोड़ में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं केंद्र की संस्थापक प्रियंका सिंह तथा पायल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र की शुरुआत की।मुख्य अतिथि प्रियंका सिंह ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं और युवतियों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि केंद्र में विभिन्न प्रकार के कपड़ों, परिधानों की सिलाई, कटिंग एवं डिजाइनिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने में आसान होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सिलाई कौशल सिखाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपनी आय बढ़ाकर जीवन स्तर में सुधार ला सकें।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने केंद्र की स्थापना पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि अब उन्हें रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि गांव में ही प्रशिक्षण उपलब्ध हो गया है, जिससे नए अवसरों के द्वार खुलेंगे।शुभारंभ कार्यक्रम में प्रशिक्षक शोभा देवी, लवली सिंह, मृदुला सिंह, चकोरी सिंह, ब्यूटी सिंह, अंसू सिंह, अभिषेक सिंह, बबलू सिंह, सपन सिंह, कुंदन सिंह, अनुप कुमार सिंह, ब्रज किशोर सिंह, सदानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिला, पुरुष एवं युवतियां मौजूद थीं।

# गणतंत्र दिवस पर आयोजित राजकीय मेला का हुआ एक करोड़ में बन्दोवस्ती



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर लगने वाले पारंपरिक राजकीय मेला की डाक इस बार ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई। नगर परिषद् गोड्डा सभागार में आयोजित इस बोली प्रक्रिया में मेला बन्दोवस्ती कार्य के लिए अब तक की सबसे बड़ी डाक- ?1,01,00,000 (एक करोड़ एक लाख रुपए) में तय हुई। जब की पिछले साल 2025 में (36 लाख 81 हजार) में हुई थी। इस ऐतिहासिक डाक को हासिल किया पवन कुमार गाड़ियां ने। पवन गढ़िया ने सर्वाधिक बोली लगाकर मेला संचालन का जिम्मा अपने हाथों में लिया। जिले में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस बार मेला और भी व्यवस्थित, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप में आयोजित होगा। मेला बन्दोवस्ती के लिए प्राप्त प्रस्ताव बोली प्रक्रिया में कुल 10 प्रस्ताव आए, जिनमें से 8 प्रस्ताव सही पाए गए। बोली में भाग लेने वाले प्रमुख प्रस्तावक-1. राजेश कुमार साह, गुलजारबाग 2. अभिषेक कुमार, गुलजारबाग 3. पवन कुमार गाडिया, लहेरी टोला 4. सुमन कुमार दास , महर्षि मेंहीं नगर 5. अब्दुल कादिर, असनबनी 6. संतोष कुमार (स्.च.ष्ठ. एंटरप्राइजेज), गांधी नगर 7. मो. अजीजुल्लाह, असनबनी 8. कौशल कुमार, पकड़िया घाट पार्किंग डाक भी रिकॉर्ड - ?7,50,000 में लगी बोली मेले के साथ ही दोपहिया-चारपहिया वाहन पार्किंग शुल्क वसूली कार्य की डाक भी की गई। कुल 6 प्रस्ताव प्राप्त हुए और सभी सही पाए गए। सर्वाधिक बोली ?7,50,000 की लगाकर पार्किंग बन्दोवस्ती का जिम्मा भी सुमन कुमार दास के नाम रहा। पार्किंग डाक में भाग लेने वाले प्रस्तावक 1. राजेश कुमार साह, गुलजारबाग 2. अभिषेक कुमार, गुलजारबाग 3. सुमन कुमार दास (स्.च.ष्ठ.), महर्षि मेंहीं नगर 4. मो. रिज़वान आरिफ, फसिया डंगाल 5. मो. अजीजुल्लाह, असनबनी 6. प्रजेश कुमार, गंगटा खुर्द अधिकारियों की मौजूदगी में प्रक्रिया संपन्न पूरी बोली प्रक्रिया प्रशासक, नगर प्रबंधक, सहायक एवं नगर परिषद के अन्य कर्मियों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। गोड्डा के लिए गर्व का क्षण, पहली बार मेला डाक एक करोड़ से ऊपर पहुंची है, जो गोड्डा जिले के लिए गर्व और प्रगति का संकेत है। पवन गढ़िया जी और सुमन को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

## एनसीसी कैडेट्स को दिया गया सर्टिफिकेट



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, गोड्डा में बुधवार को एनसीसी कैडेट्स को ए-सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों तथा आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर उत्साहपूर्ण माहौल से भर गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव थे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार, विभिन्न खेल संघों के सचिव सुरजीत झा, जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार पासवान, ए.एन.ओ अजय कुमार राय, विद्यालय के मैनेजर आदित्य झा तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि के स्वागत और सम्मान समारोह से हुई। अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव को प्राचार्य डॉ. विजय कुमार पासवान ने साल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू को मीना मुर्मू द्वारा शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार को सज्जाद आलम तथा जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो को मिनसार आलम द्वारा सम्मानित किया गया। विभिन्न खेल संघों के सचिव सुरजीत झा को प्रिया भारती ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन एनसीसी कैडेट्स के निर्देशन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह में चार चाँद लगा दिए। गीत, नृत्य और देशभक्ति से भरपूर प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। शिक्षक-शिक्षिकाओं में अनुज आनंद, बेंजामिन सोरेन, जितनी दासी, प्रतिमा कुमारी, नीलम कुमारी तथा शिक्षकेत्तर कर्मी कृष्णा कोइरी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. इम्तियाज आलम ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया, जिसे अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने एनसीसी टीम, ए.एन.ओ अजय कुमार राय तथा सभी सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की सफलता ने विद्यालय की गरिमा और अनुशासनात्मक माहौल को फिर एक बार सिद्ध कर दिया।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गोड्डा में शिक्षकों ने जलाई एफआईआर प्रतियां



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** ऑल टीचर्स एम्प्लॉयीज़ वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) और नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के आह्वान पर 25 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर देशभर से पहुंचे कर्मचारियों ने व्यापक प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद दिल्ली सरकार द्वारा एनएमओपीएस के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने से शिक्षकों में नाराजगी बढ़ गई है। इसी कार्रवाई के विरोध में झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन (झारोटेफ) की गोड्डा जिला इकाई ने सोमवार को विभिन्न विद्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने दर्ज एफआईआर की प्रतियों को फाड़कर एवं जलाकर सरकार के फैसले का कड़ा विरोध जताया।जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुमन कुमार और जिला सचिव सुभाष चंद्र ने कहा कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किए गए आंदोलन के नेताओं पर एफआईआर दर्ज करना निंदनीय है। उन्होंने इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली कर्मचारियों का वैध अधिकार है और इसे लागू कराने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## पैंथर्स ने गोड्डा ब्लास्टर को 6 विकेट से किया पराजित



**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गाँधी मैदान में चल रहे गोड्डा प्रीमियर लीग में आज के मुकाबले में पोड़ैयाहाट पैंथर्स एवं गोड्डा सुपरकिंग्स ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में पोड़ैयाहाट पैंथर्स ने गोड्डा ब्लास्टर को अंतिम ओवर में 6 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा ब्लास्टर 133 रन पर ऑल आउट हो गई। अजय यादव ने 34 रन की पारी खेली। मोहित सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किया।जवाब में पोड़ैयाहाट पैंथर्स ने 19 ओवर 2 गेंद में 4 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान मोहित सिंह ने नाबाद रहते हुए शानदार 37 रन की पारी खेली। आर्कादित्य यादव ने 36 रन की पारी खेली जिसमें 2 चौका और 3 छक्का शामिल है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहित सिंह को लाइफ केयर नर्सिंग हॉस्पिटल के मालिक हरीकिशोर साह के द्वारा दिया गया। दूसरे मैच में गोड्डा रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया। अरुण मरांडी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टीम के मालिक आनंद कुमार एवं अभिजीत कुमार के द्वारा दिया गया।अंपायर की भूमिका में अभिषेक आनंद एवं इफ्तेखार शेख थे। इस अवसर पर अमित बोस, डॉक्टर एस एस हसन, सनोज कुमार, संजीव कुमार, मुकेश मंडल, अमित सिंह, अंजन, राजन झा, आकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिलाओं का बंध्याकरण तथा पुरुष नसबंदी ऑपरेशन



**नाला (जामताड़ा)।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन तथा पुरुष नसबंदी सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 समीर कुमार मुर्मू के देखरेख व पर्यवेक्षण में सर्जन डॉ0 दुर्गेश झा के द्वारा महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। इस दौरान डॉ दुर्गेश झा ने बताया कि जांचोपरांत कुल 13 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन तथा 1 पुरुष नसबंदी किया गया। इस अवसर पर बीटीटी बलदेव मरांडी,एएनएम इंग्ला कुमारी, लैब टेक्नीशियन रंजीत ठाकुर,मोहसिन आलम, रंजीत भारती,एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल, प्रदीप टुडू, विवेक कुमार, संतोष कुमार,रंजीत भट्टाचार्य, शईद आलम, मुश्ताक अंसारी,आरीफ अंसारी,भीम हाजरा,संजय कुमार,धनंजय घोष, इंद्रजीत मंडल, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## सहिया एवं सहिया साथियों की मासिक बैठक संपन्न



**नाला (जामताड़ा)।** भूली उप स्वास्थ्य केंद्र में सहिया एवं सहिया साथी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एएनएम लक्ष्मी साधु ने की, जबकि सहिया साथी मानकुमारी घोष भी उपस्थित रहीं। बैठक में सहिया के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एएनएम ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मासिक रिपोर्ट एवं प्रतिवेदन को समय पर सहिया ऐप में अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही एचबीएनसी व एचबीवाईसी की प्रगति की समीक्षा की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम, एमटीसी में बच्चों के भर्ती से संबंधित दिशा-निर्देश, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की नियमित बैठक, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तथा नियमित टीकाकरण को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय लक्ष्यों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया। इस क्रम में प्रसव पूर्व देखभाल, पेमेंट शीट, पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर एएनएम लक्ष्मी साधु, सहिया साथी मानकुमारी घोष, हेल्थ वर्कर रथिन मंडल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## सेविका, सहायिका चयन के बाद जिला से अनुमोदन नहीं हुआ

**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित प्रखंड के दर्जनों आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका, सहायिका पद के छह महिना पहले प्रखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन कर अनुमोदन हेतु जिला भेजा गया। छह महीने बीत जाने के बाद भी जिला चयन समिति द्वारा अनुमोदन कर नही भेजा गया। जिस कारण उक्त केंद्र में छोटे छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा सहित अन्य गतिविधियों का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीते छह महीने से एक सेविका दो-दो आंगनबाड़ी केंद्र के प्रभार के साथ बीएलओ कार्य में व्यस्त है। जिस के प्रभार में चलने वाले आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार कुंडहित प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पद में नगरी,काठीजुड़िया, जोड़बाहिंगा,सपसपिया सटकी एंव मुड़ाबेड़िय -01 में तथा सहायिका पद पर सटकी-03 तथा मुड़ाबेड़िया -01 बीते पांच -छह महिना पहले प्रखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा उक्त रिक्त पद पर चयन कर अनुमदन हेतु जिला चयन समिति को भेजा गया। परंतु छह महीना बीत जाने के बाद का भी जिला द्वारा अनुमोदन कर नही भेजा गया ।

## फसल सुरक्षा मिशन के तहत प्रशिक्षण शुरू

**कुंडहित (जामताड़ा)।** फसल सुरक्षा मिशन के तहत कुंडहित प्रखंड के बनकाटी एंव कालिकापुर गांव में किसानों के बीच दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रशिक्षण के तहत दोनों स्थानों में 30-30 किसानों को फसल सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक मो समसुद्दिन एंव कृषि ई स्नातक मो हानिब ने उपस्थित किसानों को फसल संरक्षण के तरीकों का जानकारी दिया गया। कीट और रोग प्रबंधन, सल्फर जैसे पोषक तत्वों का महत्व, और अच्छी कृषि पद्धतियां शामिल होती हैं। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य किसानों को बेहतर उपज, गुणवत्ता और मिट्टी के स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में ज्ञान और अनुभव प्रदान करना है। प्रशिक्षक द्वारा किसानों को प्रमुख कीटों और बीमारियों के लक्षणों, रोकथाम के उपायों और प्रबंधन के बारे में बिस्तार जानकारी दिया गयाहै। उन्होंने बताया सल्फर जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के महत्व पर प्रशिक्षण दिया गया ।कहा की खरीफ और रबी फसलों के लिए फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से पौधों की संरक्षण तथा बचाव के उपाय पर विस्तार जानकारी दिया गया। मौके पर प्रगतिशील किसान एंव किसान मित्र उपस्थित थे।

## अविनाश आनंद ने शोध उपलब्धि से किया राज्य का नाम रोशन

**गोड्डा ।** जिले के छोटे से गाँव धमनी बाज़ार निवासी अविनाश आनंद अब डॉ. अविनाश आनंद बन गए हैं। उन्होंन IIT गुवाहाटी में उत्कृष्ट शोध कार्य करते हुए अपनी पीएचडी पूरी कर ली है। उनका पीएचडी शोध शीर्षक था– उनका यह शोध वेस्ट-टू-एनर्जी कन्वर्शन के क्षेत्र से संबंधित है, जिसका उद्देश्य खाद्य अपशिष्ट से स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा का उत्पादन करना है। यह तकनीक समाज, पर्यावरण और भविष्य के ऊर्जा समाधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।डॉ. अविनाश आनंद, दिनेश चंद्र दत्ता एवं माया देवी के पुत्र हैं। उन्होंने गुवाहाटी के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग में शोधार्थी के रूप में कार्य किया। उनका शोध कार्य भारत के प्रतिष्ठित । वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रख्यात वैज्ञानिकके मार्गदर्शन में पूरा हुआ, अपनी विशेषज्ञता और शोध उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हैं।डॉ. आनंद का शोध खाद्य अपशिष्ट से जैव-हाइड्रोजन उत्पादन, उसका अनुकूलन और प्रक्रिया तीव्रतापर आधारित है ।

## अधिवक्ताओं ने दी योगिनी पुत्र आशु बाबा को श्रद्धांजलि



**गोड्डा ।** जिला अधिवक्ता संघ के नए भवन में मंगलवार को एक स्मृति सभा का आयोजन कर अधिवक्ताओं ने प्रसिद्ध शिक्षाविद, तांत्रिक परंपरा के साधक एवं माता योगिनी के परम उपासक आशुतोष सिंह उर्फ आशु बाबा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।सर्वजीत झा अंतेवासी की अध्यक्षता में आहूत सभा का संचालन सुधेंदु शेखर झा ने किया। स्व. आशुतोष बाबा की स्मृतियों को साझा करते हुए सर्वजीत झा, दिलीप तिवारी, रमेश कुमार, अबुल कलाम आज़ाद, अवधेश ठाकुर एवं अन्य ने उन्हें एक शिक्षाविद, कुशल प्रशासक, सामाजिक परंपरा के संवाहक, तांत्रिक परंपरा के सिद्ध साधक तथा माता योगिनी के परम उपासक बताते हुए उनके निधन को गोड्डा की अपूर्णनीय क्षति बताया। उक्त वक्ताओं के अलावा सभा में शामिल विनय ठाकुर, रविंद्र झा, राजेंद्र झा, विभाष झा, चेतन चंद्र झा, इनाम अहमद, मो. जब्बार आलम, मो. सरफराज आलम, रीना डे, शिशिर कुमार झा, अंबोद ठाकुर, निवास झा, संजय झा आदि ने आशु बाबा के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

## एनआरईपी टेंडर नीति पर ठेकेदारों का बवाल



**जामताड़ा।** जामताड़ा में एनआरईपी द्वारा जारी अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/NREP.JMT/UNTIED/2025-26 (दिनांक 05.12.2025) को लेकर स्थानीय संवेदकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संवेदकों ने कार्यपालक अभियंता को सामूहिक आवेदन सौंपते हुए आरोप लगाया कि नए नियमों के तहत केवल निर्धारित श्रेणी के संवेदकों को ही परिमाण विपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि यह प्रावधान स्पष्ट रूप से पीडब्ल्यूडी कोड के विरुद्ध है। संवेदकों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी कोड के मुताबिक एक श्रेणी नीचे के ठेकेदारों को भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का वैध अधिकार है। इसके बावजूद नए निर्देश क्लास-2 श्रेणी के संवेदकों को दरकिनार कर रहे हैं, जिससे निष्पक्ष प्रतियोगिता प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सभी पात्र क्लास-2 संवेदकों को सम्मिलित करने की अनुमति नहीं दी गई । तो वे सामूहिक रूप से न्यायालय की शरण लेंगे। आवेदन पर रौशन, बीआर बच्चा, मी. रुनुले, कल्याण दत्ता, कार्तिक कोमल पाठक, सुभाष मंडल के साथ कई अन्य संवेदकों के हस्ताक्षर हैं। संवेदकों में विभागीय रवैये को लेकर रोष है, जबकि विभाग की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## कुंडहित में कांग्रेसियों ने की बैठक



**कुंडहित (जामताड़ा)।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घोष की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन विस्तार एवं झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन जन जानकारी देना है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घोष ने कहा कि सरकार द्वारा जनहित योजना जैसे पशुपालन,कृषि,ग्रामीण विकास विभाग एवं स्वास्थ्य आदि विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं योजनाओं का गांव गांव एवं जन जन तक पहुचाने एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा मोबाइल ऐप में गांव की जन समस्याओं को अपलोड करने के लिए कहा गया।कहा प्रदेश कमेटी के निर्देश को चर्चा करते हुए हर महीना 2 तारीख को बैठक करने के निर्णय लिया गया। कहा की प्रदेश से जो निर्देश प्राप्त हुई है उसका अनुपालन करना सभी का दायित्व है। मौके पर रंजीत लायक,दिलीप मजूमदार,फखरुद्दीन खान,मोएसरफुद्दीन,हसीमुद्दीन अंसारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कॉर्पियो पलटने से एक महिला घायल

**पथरगामा ।** प्रखंड अंतर्गत गांधीग्राम में अहले सुबह गोड्डा से पथरगामा की ओर तेज रफ्तार से जा रहे स्कॉर्पियो गाड़ी के चालक ने भूलवश फोरलेन के बगल बाईं तरफ के सर्विस रोड में (गलत दिशा में) अपनी स्कॉर्पियो घुसा दिया जहां गाड़ी असंतुलित हो गई जिसे संभालने के चक्कर में सर्विस रोड के साइड में खड़ी मोटरसाइकिल और ठेला को धक्का मारते हुए पलट गई। वहीं स्कॉर्पियो में सवार नीलकंठ साह की पत्नी प्रभा देवी बुरी तरह से घायल हो गई। घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने आनन फानन में घायल महिला को उठाकर इलाज हेतु सदर अस्पताल गोड्डा ले गए। वहीं अनुमानित तौर पर घटना का कारण स्कॉर्पियो का चालक नशे की हालत में होगा या फिर उसे झपकी आ गई होगी, फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि फोरलेन के बगल में बने सर्विस रोड से विपरीत दिशा में कोई भी गाड़ी का आवागमन नहीं होना चाहिए जबकि फोरलेन के द्वारा दोनों साइड के सर्विस रोड का निर्माण कर दिया गया है, उसके बावजूद भी कई वाहन चालक गलत दिशा से ही अपनी गाड़ी को सर्विस रोड में लाने के कारण ऐसी दुर्घटना हो रही है। घायल हुई नीलकंठ साह की पत्नी प्रभा देवी की हालत नाजुक बनी हुई है।

## जनता दरबार में लोगों ने खुलकर रखी समस्याएं



**देवघर।** जिले में जनसंबंधी शिकायतों के त्वरित निष्पादन और पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से डीसी के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तर के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे, ताकि प्राप्त शिकायतों का निपटारा मौके पर ही संबंधित विभागों द्वारा किया जा सके। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान, अनुकंपा, बिजली बिल माफी, मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन तथा आवास से जुड़े मामलों सहित विभिन्न समस्याएँ अपर समाहर्ता के समक्ष रखीं। उपस्थित अधिकारियों की मौजूदगी में एक-एक कर सभी शिकायतें सुनी गईं और आश्वस्त किया गया कि प्राप्त सभी मामलों की जांच कराते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कई आवेदन शिकायत के रूप में प्राप्त हुए। सभी शिकायतों को सुनने के बाद अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन की भौतिक जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका समाधान कर रिपोर्ट डीसी कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि समुचित निगरानी की जा सके।

## देवघर में पैलिएटिव केयर वर्कशॉप संपन्न



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड के नर्सों के लिए दो दिवसीय पैलिएटिव केयर कार्यशाला एवं कौशल प्रशिक्षण का आयोजन 1 और 2 दिसंबर 2025 को एआईआईएमएस देवघर में किया गया। यह कार्यक्रम वित्तपोषित क्लीनिकल ट्रेनिंग स्टडी का हिस्सा था,जिसका उद्देश्य जीवन-सीमा से जूझ रहे मरीजों की देखभाल में नर्सों की नैदानिक क्षमता, संचार कौशल और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को सशक्त बनाना था। कार्यशाला का नेतृत्व आयोजन सचिव डॉ. कुसुम कुमारी एवं पैलिएटिव केयर विशेषज्ञों ने किया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आई 50 से अधिक नर्सों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में दर्द आकलन, लक्षण नियंत्रण, जीवनांत देखभाल, संचार एवं परामर्श, बुरी खबर देना और नैतिक निर्णय-निर्माण जैसे मॉड्यूल शामिल थे। सिमुलेशन आधारित स्टेशनों पर प्रतिभागियों ने ओपिऑयड टाइट्रेशन, सिरिंज ड्राइवर उपयोग, घाव देखभाल और मनोसामाजिक सहयोग तकनीकों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में पैलिएटिव केयर को मुख्यधारा स्वास्थ्य सेवाओं में शीघ्र शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## बिजली व फिक्स्ड चार्ज में बढ़ोतरी का प्रस्ताव हर वर्ग को आर्थिक परेशानियों में डालने वाला

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जारी एक बयान में कहा कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली दर एवं फिक्स्ड चार्ज में बढ़ोतरी का प्रस्ताव इस प्रदेश के व्यवसायिक वर्ग एवं आम जनता को आर्थिक परेशानियों में डालने वाला है। कुमार ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं (व्यवसायिक वर्ग एवं आम जनता) को बहुत सारी समस्याओं से जूझना पड़ता है ऐसी स्थिति में उन पर पडने वाले आर्थिक बोझ को देखते हुए बिजली दर एवं फिक्स्ड चार्ज में बढ़ोतरी का प्रस्ताव निश्चित रूप से उनकी आर्थिक स्थिति पर चोट करने वाला एवं अन्याय पूर्ण प्रस्ताव है।

## गढ़वा में 6-7 दिसंबर को होगी 19वीं जूनियर झारखंड स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** गढ़वा जिला में 6 और 7 दिसंबर 2025 को 19वीं जूनियर झारखंड स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। इसी संदर्भ में देवघर जिला बालक एवं बालिका जूनियर टीम के चयन के लिए ट्रायल 4 दिसंबर 2025 को इंदौर स्टेडियम देवघर के कबड्डी ग्राउंड में दोपहर 3 बजे से रखा गया है। देवघर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े के निर्देशानुसार ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए एकेएफआई रजिस्ट्रेशन की प्रति लाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का चयन पूरी तरह उनके कौशल और प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 5 दिसंबर को देवघर से गढ़वा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चयन प्रक्रिया की निगरानी देवघर कबड्डी टीम के कोच आलोक कुमार, अशरफ अली, मोनू कुमार, दुर्गेश कुमार और ललित झा की समिति द्वारा की जाएगी। समिति के सदस्य खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता, चुस्ती और टीमवर्क के आधार पर चयन सुनिश्चित करेंगे। यह ट्रायल देवघर के युवा खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

## देवघर कॉलेज में छात्र संवाद की बैठक



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर कॉलेज के बोटेनिकल गार्डन में छात्र नेता गौरव राज और अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई जिसमें पूर्व निर्णय के अनुसार सप्ताह के हर मंगलवार को देवघर कॉलेज देवघर में छात्र संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इसी प्रकार आज दूसरी साप्ताहिक बैठक बुलाई गई जिसमें छात्रों से संवाद कर उसकी समस्याओं को सुनकर उसका समाधान किया गया। बैठक में उपस्थित छात्र प्रीतम एवं कुंदन ने कहा कि देवघर के शैक्षणिक संस्थाओं में बहुत सारी समस्याए है। जिसके समाधान के लिए रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक गतिविधियों का होना बहुत जरूरी हैं। मौके पर प्रीतम कुमार,मोहित,अभिनव मिश्रा,धीरेन्द्र कुमार,अभिजीत सिंह,पंकज सिंह,गुलशन मिश्रा,अमन कुमार,अभिषेक सिंह,शशांक सिंह एवं दर्जनों छात्र महजूद थे।

## बिहार की जनता ने नीतीश पर भरोसा जताया : डॉ. जमील



**मधुपुर ।** जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आफताब जमील मधुपुर पहुँचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान देवघर जिला सचिव सत्येंद्र यादव ने उनका स्वागत किया। मौके पर डॉ. आफताब जमील ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। इसके लिए उन्होंने बिहार, झारखंड समेत देशभर की जनता का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में जदयू संगठन को मजबूत बनाने के लिए शीघ्र ही प्रखंड स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसके लिए जिला नेतृत्व को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड का समग्र विकास केवल डबल इंजन की सरकार से ही संभव है, इसलिए पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। वहीं देवघर जिला सचिव सत्येंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जल्द ही जिले के सभी प्रखंडों में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस मौके पर हाजी अब्दुल रकीब, मोहम्मद अनवर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सात साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी ने खोला ठगी का बड़ा नेटवर्क

## जंगल में बैठकर देशभर में फैला रहे थे ठगी का जाल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** एसपी सौरभ के निर्देश पर जिले में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के मार्गदर्शन में सारवां थाना क्षेत्र के तुतरूपहाड़ी जंगल में की गई छापेमारी में सात संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एक दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि कुछ युवक फर्जी बैंक कस्टमर केयर और सरकारी पदाधिकारी बनकर ग्रामीणों को फोन कर ठगी कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की। मौके से पकड़े गए आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड की जांच में यह खुलासा हुआ कि ये गिरोह फोन पे यूजर्स को कैशबैक का लालच देकर तथा पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर ऑनलाइन ठगी को अंजाम देते थे। इसके अतिरिक्त आरोपी फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक कर्मी बनकर उपभोक्ताओं को कार्ड बंद होने की झूठी जानकारी देते और सहायता के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार साइबर ठगों की अपराध शैली स्पष्ट रूप से संगठित और पूर्वनियोजित पाई गई। पीएम किसान योजना के नाम पर लाभुकों से ठगी, फर्जी कस्टमर केयर बनकर फोन पे गिफ्ट कार्ड तैयार करवाना और एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से पेमेंट बैंक कार्ड ब्लॉक अनब्लॉक के नाम पर जालसाजी उनकी प्रमुख गतिविधियाँ थीं। छापेमारी सारवां थाना क्षेत्र के तुतरूपहाड़ी जंगल में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जमीर अंसारी, जान मोहम्मद, मो. सरफराज अंसारी, मजहर अंसारी, सद्दाम अंसारी, सोहेल अंसारी तथा बिनोद राय के रूप में हुई है। सभी आरोपी देवघर जिले के विभिन्न इलाकों के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस ने मौके से आठ मोबाइल फोन, तेरह सिम कार्ड तथा पाँच प्रतिबिंब (क्लोन) सिम कार्ड जब्त किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जनवरी 2025 से अब तक जिले में 720 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस अवधि में कुल 886 मोबाइल फोन तथा 1129 सिम कार्ड जब्त किए गए हैं, जिनमें से 270 प्रतिबिंब एप के माध्यम से तैयार किए गए थे। छापामारी दल में पु.नि. कृष्णादत्त झा, पु.अ.नि. अमर कुमार राम तथा सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस की यह कार्रवाई जिले में साइबर ठगी पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## भाजपा ने जेपी नड्डा के कार्यक्रम को लेकर बनाई कार्ययोजना

### मंदिर पूजा, कार्यालय उद्घाटन और कार्यकर्ताओं से मिलन की तैयारी



**संवाददाता**

**देवघर ।** भाजपा के नवनिर्मित जिला कार्यालय में उद्घाटन के बाद पहली बार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने की। बैठक का उद्देश्य 6 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवघर आगमन की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में जिला, मंडल और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बाल मुकुंद सहाय, पूर्व विधायक अनंत ओझा, पूर्व विधायक रंधीर सिंह तथा जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर की उपस्थिति में संपन्न हुई। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि जेपी नड्डा 5 दिसंबर की शाम छह बजे देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे सर्किट हाउस जाएंगे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं से औपचारिक भेंट करेंगे। अगले दिन 6 दिसंबर को वे बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा के उपरांत वे भाजपा के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चंपई सोरेन और अर्जुन मुंडा सहित हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण सभा भी आयोजित होगी। पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा कि देवघर आकर राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे, जो संगठन को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह देवघर के लिए सौभाग्य का अवसर है, जब कार्यकर्ताओं को शीर्ष नेतृत्व का सीधा मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक के दौरान मंच पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बाल मुकुंद सहाय, पूर्व विधायक अनंत ओझा, जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, गणेश मिश्रा, पूर्व विधायक रंधीर सिंह, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर, बबलू भगत और सतेन्द्र सिंह मौजूद थे।

## नगर परिषद में नमस्ते योजना के तहत कार्यशाला आयोजित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई योजना नमस्ते के अंतर्गत मंगलवार को एक दिवसीय सुरक्षा संबंधी कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू, नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम एवं नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को आधुनिक मशीनों के माध्यम से सुरक्षित ढंग से कार्य करने के प्रति जागरूक करना था।

?कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मैनुअल सीवर व सेप्टिक टैंक सफाई के खतरों तथा मशीनीकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, मशीनों के संचालन, आपात स्थिति में बचाव तकनीक और सुरक्षित कार्य पद्धति के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

?प्रशिक्षकों ने कहा कि नमस्ते योजना का मुख्य लक्ष्य देशभर में स्वच्छता कार्य को पूर्णतः मशीनीकृत बनाना और सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य व सम्मान की रक्षा करना है। उन्होंने सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं।

मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम, नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा, सेनेटरी सुपरवाइजर आनंद पासवान, सुपरवाइजर फुरकान अंसारी, मिथुन रवानी, मोहम्मद अशफाक, संजय कुमार, मनीष कुमार, सदानंद कुमार, नवाज़ शाहिद, अमरजीत पासवान समेत दर्जनों सफाई मित्र एवं सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** ठंड के प्रकोप से राहत दिलाने के उद्देश्य से लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सोमवार की रात फुटपाथों पर शरण लिए गरीबों, असहायों, जरूरतमंदों और रेलवे मुसाफिरखाना में ठंड से जूझ रहे लोगों के बीच कंबल वितरित किए। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी लगातार यह प्रयास कर रही है कि गरीब और असहाय लोगों को भोजन कराकर, कंबल और वस्त्र बाँटकर उनके दुःख और तकलीफ़ को कम किया जा सके। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर बेघर, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहचान की और उन्हें गर्म कंबल उपलब्ध कराए। अचानक बढ़ी ठंड के बीच कंबल पाकर लाभुकों के चेहरों पर राहत और खुशी दिखाई दी। क्लब की अध्यक्ष अर्फी नाज़ और सचिव शिलु समद ने बताया कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति बिना उचित गर्म कपड़ों के न रहे, इसके लिए क्लब लगातार ऐसे सेवा कार्यों का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष अर्फी नाज़, सचिव शिलु समद, चेयरपर्सन शौकत नाज़, कोषाध्यक्ष (ट्रेजरर) रामचंद्र झा, मोती सिंह, संजय शर्मा, प्रिंस समद, मोहम्मद चांद सहित कई पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे और देर रात तक सेवा कार्य जारी रखा। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी की अध्यक्ष अर्फी नाज़, सचिव शिलु समद और चेयरपर्सन शौकत नाज़ ने पूरी ठंड में कंबल बाँटने की घोषणा की है, जो कि एक सराहनीय पहल है। क्लब की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## अति महा रुद्र महायज्ञ : रुक्मणी विवाह बना मुख्य आकर्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर में आयोजित अति महा रुद्र महायज्ञ के सातवें दिन रुक्मणी विवाह समारोह केंद्र में रहा। बारात महाराज जी के आश्रम से धूमधाम से निकाली गई, आगे छव नाच और पीछे राधे-राधे की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। मंच तक पहुंचने तक भक्त पूरे उत्साह से झूमते-नाचते दिखाई दिए। बारात संचालन में गिरधारी अग्रवाल, पवन गर्ग, केशव गर्ग सहित गुरु भक्तों का विशेष योगदान रहा। कृष्ण की भूमिका आकांक्षा सिंह (देवघर, कास्टर टाउन) और रुक्मणी की भूमिका प्राची गर्ग (काठगोधा, छत्तीसगढ़) ने निभाई, जिनके अभिनय ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## देवघर पुलिस महकमे में फेरबदल, साइबर थाना और अंचलों में बदले प्रभारी

### पुलिस निरीक्षक देवेश को साइबर थाना देवघर की कमान

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिला पुलिस प्रशासन ने आंतरिक पुनर्व्यवस्था के तहत कई पदाधिकारियों का तबादला कर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस फेरबदल का मकसद साइबर अपराध नियंत्रण, अंचल स्तरीय निगरानी और फील्ड मोनिटरिंग को मजबूती देना है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक कुल छह अधिकारियों को नई जगह तैनाती दी गई है। आदेशानुसार सहदेव प्रसाद को सह-थाना प्रभारी साइबर थाना देवघर से हटाकर पुलिस केंद्र देवघर भेजा गया है। वहीं मधुपुर अंचल में पुलिस निरीक्षक रहे देवेश कुमार भगत को साइबर थाना देवघर की कमान सौंपते हुए सह-थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस केंद्र देवघर में तैनात राजू होनहांगा को मधुपुर अंचल का पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस केंद्र में कार्यरत राकेश कुमार रवि और शिव नारायण कामत दोनों को साइबर थाना देवघर में पदस्थापित किया गया है, जहां साइबर अपराध संबंधी जांच-पड़ताल और तकनीकी अनुश्रवण को लेकर लगातार दबाव बढ़ा हुआ है। उधर, साइबर थाना देवघर में पदस्थ कृष्णदत्त झा को सारवां अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि कृष्णदत्त झा को पालाज़ोरी अंचल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। विभागीय निर्देश के साथ सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने को कहा गया है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में 42 लोगों से वसूला गया 52,800 रुपये जुर्माना



**देवघर ।** जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम ने कोरियाशा से सत्संग स्थित शंकर मोड़ तक फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया। एक दिन पूर्व निगम की टीम ने पूरे क्षेत्र में माइकिंग कर दुकानदारों और राह के किनारे कारोबार करने वालों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी थी। चेतावनी के बावजूद कई स्थानों पर कब्जा बरकरार पाए जाने पर बुधवार को निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू की। अभियान के दौरान लगभग 42 अतिक्रमणकर्ताओं से कुल 52,800 रुपये जुर्माना वसूला गया। टीम ने दुकानों के सामने किए गए स्थायी और अस्थायी ढांचे, सड़क किनारे फैलाए गए सामान, अवैध निर्माण और अव्यवस्थित व्यापारिक गतिविधियों को मौके पर ही हटाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित सामग्री जब्त की जाएगी और दंडात्मक कार्रवाई बढ़ाई जाएगी। अभियान का नेतृत्व नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास ने किया। उनके साथ टैक्स कलेक्टर सतन रामानी, राजेश श्रृंगारी, रोड विभाग के कन्हैया राम तथा निगम कर्मियों की पूरी टीम अभियान में सक्रिय रही। अतिक्रमण हटाने में जेसीबी चालक मुन्ना अंसारी, ट्रैक्टर चालक सचिन और देवनारायण मुकेश सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी भी तैनात रहे। नगर प्रबंधक ने कहा कि सड़कें सार्वजनिक उपयोग के लिए हैं। अवैध कब्जे से यातायात बाधित होता है, दुर्घटना की आशंका बढ़ती है और शहर की सुंदरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## संजीव बने झारखंड कुश्ती टीम के कोच



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर कुश्ती जगत के लिए गौरव की बात है कि संजीव कुमार झा को झारखंड कुश्ती टीम का कोच नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में झारखंड टीम 11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता – पुरुष व महिला फ्री स्टाइल तथा पुरुष ग्रीको-रोमन वर्ग – में हिस्सा लेगी। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरी टीम 8 दिसंबर को रांची से अहमदाबाद के लिए रवाना होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि संजीव झा के निर्देशन में झारखंड टीम इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी और राज्य का नाम रोशन करेगी। संजीव झा को कोच नियुक्त किए जाने पर बधाई देने वालों में आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य,अभिजीत सिंह, मनोरंजन सिंह, कौशल सिंह, रौनक सिन्हा, आशीष पांडे, रोहित केसरी, कुमार अंशु, दीपनारायण और आलोक बोस साहिल द्वारी शामिल हैं। सभी ने संजीव झा के नेतृत्व में झारखंड कुश्ती के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सफाई मित्रों की सुरक्षा के लिए देवघर में प्रशिक्षण



**देवघर ।** भारत सरकार की नमस्ते योजना अंतर्गत देवघर नगर निगम में सेप्टिक टैंक सफाई कार्य से जुड़े सफाई मित्रों और उनकी टीम को सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के निर्देश पर चयनित एजेंसी द्वारा यह प्रशिक्षण नगर निगम परिसर में हुई, जिसमें प्रतिभागियों को आधुनिक स्वच्छता तकनीक से लेकर सुरक्षा प्रोटोकॉल तक विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कुल 40 सफाई मित्र शामिल हुए। उन्हें आधुनिक सेप्टिक टैंक सफाई प्रणाली, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, ऑक्सीजन स्तर मापन की विधि, गैस डिटेक्शन की तकनीक, संकट की स्थिति में बचाव उपाय और मशीनों के सुरक्षित संचालन की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि नमस्ते योजना का मुख्य उद्देश्य मैनुअल स्कैवेंजिंग की पूरी तरह समाप्ति और फील्ड में कार्यरत सफाई कर्मियों को सुरक्षित, तकनीकी और मानवीय कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।

## मंडल कारा देवघर में 76 कैदियों की हुई स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ टीम ने दिया परामर्श



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर मंडल कारा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ एवं गैर-संचारी रोगों जैसे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जांच व जागरूकता के लिए संयुक्त स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम चक्र कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत कुल 76 कैदियों की विस्तृत स्क्रीनिंग की गई,जिसमें सभी कैदियों की शारीरिक जांच, लक्षण मूल्यांकन और आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श शामिल था। स्क्रीनिंग के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कैदियों को समय पर उपचार, दवाइयाँ और रोगों से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोगों की प्रारंभिक पहचान, समय पर उपचार सुनिश्चित करना और जेल परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था, ताकि सभी बंदियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

## आरपीएफ ने चलाया विशेष अभियान



**मधुपुर ।** रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के निर्देश पर मधुपुर आरपीएफ ने मंगलवार को स्टेशन परिसर और ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए रेलवे नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान महिला एवं दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से यात्रा कर रहे 30 रेल यात्रियों से जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त, स्टेशन परिसर में नो पार्किंग जोन में गलत तरीके से खड़े दोपहिया वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। आरपीएफ ने कुल 6 लोगों से जुर्माना वसूलते हुए उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी। आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार ने बताया कि रेलवे की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने यात्रियों को चेतावनी दी कि वे निर्धारित बोगियों में ही यात्रा करें और स्टेशन परिसर में पार्किंग नियमों का पालन करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रेलवे अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अनियंत्रित टोटो पलटने से एक घायल, भर्ती

**देवघर ।** सारवां थाना क्षेत्र के दलदली गांव के पास मंगलवार को एक अनियंत्रित टोटो पलटने से उसमें सवार भेंगी गांव निवासी दिनेश मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में उसके परिवार के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आईं। घायल को स्थानीय लोगों की सहायता से देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसका उपचार जारी है। घटना के संबंध में दिनेश मंडल ने बताया कि वह अपने ससुराल से परिवार के साथ टोटो से घर लौट रहा था। इसी दौरान दलदली गांव के पास टोटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को सहायता प्रदान की। घटना की जानकारी सारवां पुलिस को दे दी गई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## बरहरवा में दिनदहाड़े डिक्की तोड़कर 2 लाख रुपए की चोरी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा-बरहरवा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर लगभग 1:30 बजे चंदन स्टोर के बाहर एक बड़ी चोरी की घटना घटित हुई. जिसमें अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर 2 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन एवं महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर लिए. वारदात पूरी तरह पास के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है. सूचना के अनुसार सुदर्शन प्रमाणिक पिता नुनी प्रमाणिक रिसौड निवासी भारतीय स्टेट बैंक बरहरवा शाखा से 2 लाख रुपये की निकासी कर अपनी मोटरसाइकिल की डिक्की में राशि और मोबाइल व कागजात रखकर बाजार पहुंचे थे. वे सामान खरीदने के उद्देश्य से चंदन स्टोर में गए थे. इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति मौके का फायदा उठाते हुए उनकी बाइक के पास पहुंचा और डिक्की को तोड़ कर भीतर रखे रुपये व अन्य सामान निकालकर तेजी से मौके से फरार हो गया. यह पूरा दृश्य दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. दुकान से बाहर आने पर डिक्की टूटी देख सुदर्शन प्रमाणिक के होश उड़ गए. उन्होंने तुरंत मामले की सूचना बरहरवा थाना को दी. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के मध्यम से चोर की पहचान हेतु जांच तेज कर दी है.

## 75 वर्षीय वृद्ध की घर पर हत्या, पुलिस ने किया हाथ-पैर बंधा शव बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना मुहल्ला से मंगलवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है.शहर के पूर्व फल व्यवसायी 75 वर्षीय विश्वनाथ गुप्ता की उनके ही तीन मंजिला घर में हत्या कर दी गई. परिजनों ने बताया कि रोज की तरह वृद्ध अपने कमरे में सोए हुए थे.सुबह जब भतीजे की बहन उन्हें जगाने गई. तो देखा कि वे जमीन पर गिरे पड़े हैं.इसके बाद भतीजा चंदन कुमार और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि वृद्ध के मुंह, हाथ और पैर पर पैकिंग टेप लगा हुआ था.उनका सिर फटा हुआ था.गले से सोने का चेन और अंगूठी गायब थे.घर का अलमारी टूटा हुआ मिला.परिजनों ने तुरंत नगर थाना में इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनीश पांडेय, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, गंगा थाना प्रभारी लव कुमार तथा मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की.मौके पर फॉरेंसिक टीम ने बारीकी से जांच की.पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की खोज कर फुटेज सुरक्षित करने की प्रक्रिया शुरू की गई. देर शाम तक दुमका से डॉग स्क्वाड टीम के पहुंचने की संभावना जताई गई थी.डीएसपी विजय कुशवाहा ने बताया कि पुलिस हर संभावित बिंदुओं से मामले की जांच कर रही है. चोरी, आपसी रंजिश और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तहकीकात जारी है.खबर लिखे जाने तक पुलिस की जांच प्रक्रिया जारी थी.

## शौचालय भवन का हुआ उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। समाहरणालय परिसर में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले नागरिकों की सुविधा हेतु नगर परिषद पाकुड़ द्वारा नव निर्मित शौचालय भवन का निर्माण किया गया है जिसका उद्घाटन पाकुड़ विधायक श्रीमती निसात आलम एवं उपायुक्त मनीष कुमार ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। शौचालय भवन का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट फंड से वर्ष 2024-25 के अंतर्गत ?9,57,490 की स्वीकृत लागत से निर्मित किया गया है। उपायुक्त ने नगर परिषद् के पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिया कि शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सैनिटरी सिस्टम हर समय सुचारू रहें। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। विधायक निसात आलम ने कहा कि सरकार द्वारा आम नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल है। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रशासक, नगर परिषद अमरेंद्र कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी पाकुड़ अरबिंद कुमार बेदिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार सरकार सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बैठक में छात्राओं का डाटा ई-विद्या वाहिनी के पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो- प्रखंड संसाधन केंद्र मिर्ज़ाचौकी में सभी सीआरपी, बीआरपी, रिसोर्स शिक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं एमडीएम ऑपरेटर के साथ प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद एहसान अहमद की अध्यक्षता मे हुई.वहीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्यालयवार पोशाक कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ग 8 से 12 तक की शेष छात्राओं का डाटा ई-विद्या वाहिनी के पोर्टल पर अपलोड करने, डहर ऐप के माध्यम से शिशु पंजी अपडेशन का कार्य प्रयास कार्यक्रम का मासिक रिपोर्ट बीआरसी को उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया. मौके पर बीआरपी क्लेमेंट सोरेन, अभिषेक कुमार, सीआरपी मो. सनाउल्लाह, अमरेंद्र कुमार, मो. हैदर अली, मो. इजहार आलम, नवीन कुमार झा, पंकज पोद्दार, डाटा एंट्री ऑपरेटर भानु प्रकाश, रिसोर्स शिक्षक सुमन कुमार, एमडीएम ऑपरेटर शिव कुमार ठाकुर सहित कई उपस्थित थे.

## राष्ट्रीय महाअधिवेशन में शामिल होगे प्रो. कमल व प्रो.दिनेश

साहिबगंज -अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का 13 वॉ वार्षिक राष्ट्रीय महाअधिवेशन भारतीय इतिहास संस्कृति और संविधान पर 5 से 7 दिसंबर 2025 को श्री माधव जन सेवा न्यास ,पट्टीकल्याणा समलखा, पानीपत, हरियाणा में होने जा रहा है. राष्ट्रीय महाअधिवेशन में भाग लेने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के एकेडमिक काउंसलर प्रो. कमल कुमार महावर, प्रदेश उपाध्यक्ष इतिहास संकलन समिति झारखंड प्रदेश सह साहिबगंज जिला अध्यक्ष इतिहास संकलन समिति एवं डॉ दिनेश कुमार यादव,सहायक प्राध्यापक इतिहास विभाग साहिबगंज कॉलेज शिरकत करेंगे.

## सड़क दुर्घटना में चार घायल,एक युवक की मौत

राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क पर मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसमें से एक युवक का इलाज के दौरान मौत हो गया. मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात थाना क्षेत्र के फुलवरिया फोरलेन सड़क पर हसन टोला निवासी परवेज शेख उम्र 21 वर्ष, नजरूल शेख 27 वर्ष बाइक से राजमहल की तरफ आ रहा था. दूसरे तरफ से रजवाड़ा निवासी वसीम शेख, रेहान शेख उधवा की तरह जा रहा था. तभी फोरलेन सड़क के पास दोनों बाइक चालक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गया. जिससे सभी चारों बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया. सभी घायलों को राहगीरों एवं अपने अपने परिजनों द्वारा टोटो के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां मौके पर मौजूद चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चारों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. इलाज के लिए जाने के दौरान हसन टोला निवासी नजरुल शेख दम तोड़ दिया. वहीं घटना की सूचना राजमहल थाना पुलिस को मिलते ही अस्पताल में पहुंचकर घटना की जानकारी ली. मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया.

# 1आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता**

**साहिबगंज।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में त्वरित, सटीक एवं प्रभावी डाटा प्रबंधन, साथ ही पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना था.कार्यक्रम के तहत् ईडीएआर पोर्टल के माध्यम से दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र मुआवज़ा दिलाने की प्रक्रिया. सभी थानों द्वारा आईआरएडी/ईडीएआर पोर्टल पर दुर्घटना डेटा की समय पर एवं सटीक प्रविष्टि सुनिश्चित



करना.एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की मानक प्रक्रिया.हिट एंड रन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए.

इस अवसर पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, आईआरएडी/ईडीएआर मैनेजर मनोज कुमार,एनआईसी साहिबगंज टीम, तथा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थित थे.बैठक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, त्वरित केस प्रोसेसिंग, तथा सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत एवं परिणामोन्मुख बनाया जाएं. जिला पुलिस प्रशासन द्वारा यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम है.

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग-संत जेवियर स्कूल ने 121 रन से जीत हासिल की

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत् मंगलवार को संत जेवियर स्कूल ए बनाम रेलवे स्कूल के बीच मैच खेला गया. संत जेवियर स्कूल ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 275 रन बनाये. शांतनु कुमार ने 71 रन, अभिषेक कुमार ने नाबाद 72 रन व यश कुमार ने नाबाद 22 रन की पारी खेली. रेलवे स्कूल के गेंदबाज शाहजेब अहमद ने 4 व शिवम गुप्ता ने 2 विकेट लिए. जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे स्कूल की टीम 17 ओवर में 154 रन बना कर ऑल आउट हो गई. उमंग आनंद ने 36 रन, अमन अंसारी ने 19 रन, अनस अंसारी ने 14 रन की पारी खेली. संत जेवियर के गेंदबाज आदित्य यादव ने 3 व सूरज राज ने 2 विकेट लिए. संत जेवियर स्कूल ने 121 रन से जीत हासिल की. संत जेवियर के खिलाड़ी अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. मुख्य अतिथि चंदन श्रीवास्तव ने अभिषेक को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया. मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया. टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 03 दिसंबर माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम बरहरवा जूनियर ए के बीच मैच खेला जाएगा.

## न्यायलय के आदेश पर प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाकर पीड़िता को दिलाया जमीन पर कब्जा



संताल एक्सप्रेस उधवा- सीनियर सिविल जज तृतीय राजमहल द्वारा निष्पादन वाद संख्या 26/23 में पारित आदेश के आलोक में राधानगर थाना क्षेत्र के अमानत दियारा में सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 बीघा विवादित भूमि पर चल रहा अवैध कब्जा हटाकर पीड़िता को शांतिपूर्ण ढंग से जमीन का कब्जा दिलाया. मामले की गंभीरता को देखते हुए राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने आदेश जारी कर उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी को वरीय दंडाधिकारी तथा प्रभारी अंचल निरीक्षक उधवा सुशील मरांडी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया था. निर्धारित तिथि पर अंचल प्रशासन और राधानगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और अदालत के निर्देशानुसार बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जा पूरी तरह ध्वस्त किया गया. भूमि विवाद को लेकर पीड़िता इरतान बेवा ने राजमहल व्यवहार न्यायालय में टाइटल सूट दायर किया था. जिसमें आरोप लगाया गया था कि सुलेमान शेख, सत्तर शेख, कदबानू बीबी, शाहजहां शेख, लालू शेख, बरजहां शेख, बुल्टू शेख और नुबहार बीबी द्वारा 2 बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था. न्यायालय ने प्रस्तुत दस्तावेजों एवं सुनवाई के आधार पर पीड़िता के पक्ष में निर्णय देते हुए दखल-देहानी का आदेश जारी किया था. जिसके आलोक में प्रशासन ने पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्रवाई को सफलतापूर्वक पूरा किया. पूरे अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी और किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई. स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक तत्परता और न्यायालय के आदेश के कड़ाई से पालन के लिए अंचल प्रशासन की सराहना की है.

## राजू कुमार कुश्ती में भाग लेने के लिए गोरखपुर रवाना



साहिबगंज - स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक गोरखपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती एस जी एफ आई प्रतियोगिता अंडर 19 आयु वर्ग में भाग लेने के लिए जिले के चांद भैरव इनडोर स्टेडियम साहिबगंज के संचालित खेलो इंडिया कुश्ती केंद्र के प्रशिक्षु राजू कुमार 60 किलो वर्ग ग्रीकोरोमन स्टाइल कुश्ती में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए रांची में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के उपरांत रवाना हो चुके हैं.राजू कुमार को डीसी हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आईटीडीए निदेशक संजय कुमार,अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कुश्ती सचिव नमिता कुमारी,खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी सहित जिले के खेल प्रेमियों ने शुभकामना दी.

## जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

बरहरवा- बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं. जनता दरबार विधायक निसात आलम के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए. जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्युत, पेयजल, सड़क निर्माण, आवास, पेंशन, मइया सम्मान योजना, राजस्व से जुड़े मामलों, जन्म प्रमाण पत्र सहित कई जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे. अनीता हेम्ब्रम ने भू-माफी के लिए आवेदन दिया स्थानीय निवासी अनीता हेम्ब्रम ने भूमि विवाद एवं दस्तावेजों के निस्तारण हेतु भू-माफी के लिए आवेदन प्रस्तुत किया. आवेदन पर तत्परता दिखाते हुए विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने विभागीय अधिकारियों को नियम के अनुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. चांदपुर में कब्रिस्तान से समसुल के घर तक पथ निर्माण की मांग मधुवापाड़ा पंचायत के चांदपुर ग्राम के ग्रामीणों ने कब्रिस्तान से समसुल के घर तक मिट्टी-मोरंग पथ निर्माण की मांग की. मांग को उचित मानते हुए विधायक प्रतिनिधि ने मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया.पीएम आवास की तीसरी किस्त नहीं मिलने की शिकायत बरहरवा नगर के वार्ड संख्या 03 की जैनव बीबी, पति मो. लतीफ, ने पीएम आवास की तृतीय किस्त नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई. इस पर संज्ञान लेते हुए बरकत खान ने संबंधित पदाधिकारी को तीसरी किस्त का भुगतान जल्द सुनिश्चित करने को कहा.विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य लोगों को बिना किसी परेशानी के अपनी समस्या रखने का मंच उपलब्ध कराना है. उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी नागरिक को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े और पात्र लोगों को सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिले. उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है. जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण संभव हो सके.

## गुरू गोष्ठी में ई-कल्याण पोर्टल पर बच्चों का डाटा इंट्री करने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज-बोरियो प्रखंड के आरके प्लस टू स्कूल में मंगलवार को शिक्षकों की मासिक गुरू गोष्ठी बीइओ तरूण कुमार घाटी की अध्यक्षता में हुई. गुरू गोष्ठी में डीएसई कुमार हर्ष शामिल हुए. डीएसई ने उपस्थित शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति पचास प्रतिशत से उपर लाने, एमडीएम के एसएमएस प्रतिदिन तीन बजे से पहले करने,मैन्यू के अनुसार बच्चो को एमडीएम देने,विद्यालय नियमित संचालन करने, किचेन गार्डन, शिशु पंजी, बच्चों का स्वास्थ्य जांच, एसडीपी, शौचालय, एनआईएलपी उल्लास एप्प, ई-कल्याण पोर्टल पर बच्चों का डाटा इंट्री करने का निर्देश दिए.गुरू गोष्ठी में बीइओ तरूण घाटी, बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, बीआरपी माखन लाल यादव, सीआरपी फैजल अफरोज, सुल्तान आलम, एकाउंटेंट विलाश दास, जेठा टुडू सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

## संत जेवियर्स स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन



साहिबगंज संताल एक्सप्रेस। -संत जेवियर्स स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन मंगलवार को किया गया. जिसमें स्कूल के तकरीबन 1200 अधिक से अधिक बच्चों ने भाग लिया. इस दौरान साइंस के विभिन्न कैटेगरी फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स की अलग-अलग विषयों से संबंधित मॉडल बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया. विद्यालय प्रबंधन की ओर से पहली बार शहर के अन्य स्कूलों के बच्चों को भी साइंस एग्जीबिशन देखने के लिए आमंत्रित किया गया था. इससे शहर के तकरीबन एक दर्जन से अधिक सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के बच्चे भी वहां पहुंचे और साइंस से संबंधित मॉडलों को देखा और जीवन में साइंस के क्षेत्र में अच्छा करने के लिए प्रेरणा ली. विद्यालय के प्रिंसिपल फादर अरुल डौस ने कहा कि स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन स्कूल के फादर स्टेनो की याद में 4 साल से लगातार किया जाता रहा है. इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में न केवल साइंस की समझ को विकसित करता है, बल्कि साइंस के क्षेत्र में जीवन में आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरणा भी देता है. आज हम विज्ञान के अद्भुत युग में जी रहे हैं.जहां विज्ञान के बढ़ते कदम हमारे जीवन को हर तरह से बदल रहे हैं. कंप्यूटर, इंटरनेट और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे आविष्कार हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं.उन्होंने कहा कि विज्ञान के प्रति अधिक से अधिक बच्चों में जागरूकता पैदा हो, इसके लिए उन्होंने कई सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी यहां एग्जीबिशन को देखने के लिए आमंत्रित किया था.

## रबी फसलों के लिए सैकड़ों किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा कार्यालय में मंगलवार को रबी मौसम के लिए किसानों के बीच बड़े पैमाने पर बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए सैकड़ों किसानों को गेहूं, सरसों और मक्का के बीज उपलब्ध करवाए गए. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्त्री कुमार दास, प्रखंड प्रमुख सुशीला हांसदा, बीएओ चंदन सरकार और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.बीएओ चंदन सरकार ने बताया कि किसानों के बीच 3500 किलो गेहूं और 100 किलो सरसों का बीज वितरित किया गया है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर विभिन्न कृषि योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है.विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है. जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी खेती को और अधिक मजबूत व सफल बना सकते हैं. उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि विभाग और तकनीकी कर्मियों से संपर्क कर उपलब्ध योजनाओं एवं संसाधनों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें. कार्यक्रम में एटीएम प्रतिभा कच्छप, हिमांशु शेखर, नेहाल अख्तर, हीरालाल साहा, तपेश्वर साहा, अजीत रॉय सहित अन्य कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे.

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला आज

साहिबगंज - साहिबगंज जिला नियोजनालय की ओर से तीन दिसंबर को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन स्थानीय सिद्धो-कान्हू सभागार में किया गया है. मेला मे विभिन्न कंपनियों और संस्थानों द्वारा रिक्तियों के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा.जिला नियोजनालय ने बताया कि मेले में शामिल होने के इच्छुक सभी युवाओं के लिए **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** पर ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य है.प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से मेले में भाग लेने की अपील की है.

## मांगों को लेकर रेलककर्मियों का सामूहिक उपवास शुरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के तत्वाधान में अपनी मांगों के समर्थन में साहिबगंज रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर अवस्थित क्रू लॉबी कार्यालय के समक्ष मंगलवार से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट 48 घंटे के उपवास पर बैठे है.उपवास कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक सचिव गोपाल कुमार मे किया.लोको चालको ने विरोध जताते हुए कहा कि रनिंग स्टॉफ को हंगर फास्ट क्यों जरूरी है ? टीए के सापेक्ष रनिंग अलाउंस 25 फीसदी बढ़ोत्तरी दिनांक एक जनवरी 2024 के नही होना, रनिंग माइलेज में इनकम टैक्स में 70 फीसदी की




छूट, पीआर रेस्ट 30+16=46नहीं मिलना, किसी गाड़ी का सुरक्षित संचालन उस गाड़ी के सबसे आगे तैनात लोको पायलट एवं सहायक लोको होता हैं. सभी मौसम में एक परहेदार के रूप में कार्य करता है.यदि कोई परिणामी दुर्घटना नहीं भी हुई है तब भी एसपीएडी के आरोप में लोको पायलट/सहायक लोको पायलट को बर्खास्त कर दिया जाता हैं. मान्यता प्राप्त यूनियन भी रनिंग स्टॉफ के साथ भेदभाव कर रहे हैं. रेलकर्मियों में कहा कि अगर भारत सरकार और रेलवे बोर्ड इसे लागू नहीं करते है तो आगे चक्का जाम किया जाएंगा. मौके पर कॉमरेड दिवाकर कुमार, संतोष कुमार, विनय कुमार, कुंदन कुमार, ब्रजेश कुमार, जे एस विद्यार्थी, कुमुद रंजन, सुभाष सहित कई कर्मचारी मौजूद थे.

## किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मंडरो- मुखिया संघ एवं जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह बच्चा पंचायत मुखिया सुबोध सोरेन की अध्यक्षता में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में संयुक्त रूप से जल छाजन एवं पंचायत विभाग के किसानो को बच्चा पंचायत में कृषि आत्मा के द्वारा अभिसरण कर गेहूं बीज प्रभेद डीबीडब्ल्यू 303-एनएससी का 63 बीज वितरण किया गया. वहीं प्रखंड तकनीकि प्रबंधक कंचन कुमार सुमन के द्वारा मिट्टी जांच का महत्व एसडाब्लूआई विधि से गेहूँ की खेती



करने एवं सही उर्वरक का प्रयोग करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया. नेहा किस्कू ने गेहूं बीज में लगने वाले किट एवं आईएनएम,आईपीएम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. सहायक तकनीकी प्रबंधक राजेश्वर मुर्मू ने खेत की जोताई में उपयोग होने वाले कल्टीवेटर, रोटावेटर, सीड ड्रिल आदि उपकरणों में बारे में प्रशिक्षण दिये. उपस्थिति किसानों के द्वारा गेहूं बीज मिलने से खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार एवं प्रखंड के कृषि विभाग के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया. मौके पर उपस्थित कृषक मित्र कोशिया देवी सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे.

**मालदा मंडल ता़री रे ञेल-जो़तो़न का़मी ला़गित् ट्रेनको रेयाक् चालाव-बानाव बेबो़सता**

जमालपुर आर रतनपुर स्टेशन ताला रे रोड ओवर ब्रिज रेयाक् गर्डरको बा़इसा़उ आर धरहरा, धनौरी आर जमालपुर स्टेशन रे ट्रैक ञेल-जो़तो़न का़मी ला़गित्, मालदा मंडल ता़री रे जमालपुर-रतनपुर अनुभाग आर जमालपुर-किऊल अनुभाग रे मा़हित **07/08.12.2025 (सिंगेमाहां/ओ़तेमाहां), 09/10.12.2025 (बालेमाहां/सा़गुनमाहां), 10/11.12.2025 (सा़गुनमाहां/सा़रदीमाहां), 12/13.12.2025 (ञा़रूममाहां/ञुहुममाहां), 13/14.12.2025 (ञुहुममाहां/सिंगेमाहां), 14/15.12.2025 (सिंगेमाहां/ओ़तेमाहां)** आर **21/22.12.2025 (सिंगेमाहां/ओ़तेमाहां)** हिलोक् ताला ञिन्दा़को **ट्रैफिक आर पावर** ब्लॉक रेयाक् ला़कती ताहेंना। ओनाते, ट्रेनको चालाव-बानाव ला़गित् दो़ लातार रे ओ़लाकान लेका बेबो़सतावाकाना: ● **जिरा़उ ताहेंनो़क्आक् ट्रेनको: 73425/73426** जमालपुर-किऊल-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 07.12.2025 आर 21.12.2025)। ● **नियंत्रण:** (1) **13031** हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 07.12.2025) आर **15743** बालूरघाट-बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ती़क 07.12.2025) बानार ट्रेन गे जमालपुर हा़बिच् 45 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। (2) **13031** हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 09.12.2025) रतनपुर हा़बिच् डाहार रे 60 मिनट आर 45 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। (3) 13031 हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़ब रेयाक् ता़रीक 10.12.2025), **15743** बालूरघाट-बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 10.12.2025) आर **13415** मालदा टाउन-पटना एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 10.12.2025) रतनपुर हा़बिच् डाहार रे 60 मिनट, 45 मिनट आर 30 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। (4) **13031** हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 12.12.2025), **15733** बालूरघाट-बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 12.12.2025) आर 13415 मालदा टाउन-पटना एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 12.12.2025) रतनपुर डाहार रे हा़बिच् 60 मिनट, 45 मिनट आर 30 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। (5) **13031** हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 13.12.2025) आर **15733** बालूरघाट-बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 13.12.2025) रतनपुर हा़बिच् डाहार रे 90 मिनट आर 75 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। (6) **15554** जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 13.12.2025) सोनपुर मंडल रे 60 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ। (7) **13031** हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 21.12.2025), **15743** बालूरघाट-बठिण्डा फरक्का, एक्सप्रेस (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 21.12.2025) जमालपुर हा़बिच् डाहार रे 90 मिनट आर 75 मिनट ला़गित् नियंत्रितो़क्आ।

● **गोटाआरो:** भागलपुर खो़न **73435** भागलपुर-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर(सा़गार एहो़ब रेयाक् ता़रीक 09.12.2025, 10.12.2025, 12.12.2025 आर 13.12.2025) 75 मिनट ला़गित् गोटाआरोक्आ आर 73435 भागलपुर-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर (सा़गार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 14.12.2025) 30 मिनट ला़गित् गोटाआरोक्आ। ओसुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

पूर्व रेलवे

# तेलंगाना सरकाराक् हुकुम रे ट्रांसजेंडर्सकोवाक् राखी-जोगाव रेय जिमा केदा मेट्रो रेयाक् सुरक्षा

## मायजीव सांगाड़ियावाक् साहोंस ढेरोक्ताकोआ, प्रबंध निदेशके लाई केदा सारहावान ओकते काना



खोबोरिया

**हैदराबाद ।** तेलंगाना रे ट्रांसजेंडर दोलको लागित् ते रोजगार रेयाक् ओपसोर नित एहोबोप् लागित् नित आयमा टोठ रे ओनको दो जिमाबारी आर उच्चस्तरीय कामीय लागित् ते ओपसोरको जामेत् काना। ओनको सोमाज दो नित आकोवाक् मारे हुदिसको बोदोलेत्कानताकोआ। नोआ बोनोदोल दो एकेन नौकरी जाम ओनादो बाङ, बिचकाम ओनको आयमा दिन खोन कुरूमुटू रेयाक् कुड़ाईकाना। हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड दो आयाक् फ्रंटकलाइन सुरक्षा सेवाको रे 20 गोटेच् ट्रांसजेंडर कर्मी बाहालीको लागित् तेयसारसादले केदा। नोआ उपाई दो आकोवाक् जांगा रे तेंगोकेटेच्को आर सांगाड़िया सुरक्षा एमावाको लागित् नाखा रेमोहोतानाक् उपाई काना। तेलंगाना रे मेट्रो दो दिसाम रेयाक्जोतो खोन माराङ आर नाहांक् जुक गरेयाक् मेट्रो दिसाम रेयाक्खोन लाटू गेया आर नाहाक् जुग रेयाक्को मुद खोन मित्टेन नोआहों काना। नोआ रे नावां कॉरिडोर, 57 गोटेच् स्टेशन आर पोन्थादो मोटामुटी 5 लाख सांगाड़ियाको सेवा एमावाको काना। नोआ रेमोटामुटी 30 प्रतिशत मायजीवको मेनाक्कोआ, ओना दो ओनकोवाक्सुरक्षा आर आत्मविश्वास जाव गे पाहिल रे धेयान जारूड़ काना। नोकोट्रांसजेंडर कर्मचारीको ताहेंन खान मायजीव सांगाड़ियाको दो आरते गे ढेर सुरक्षित आर सुरक्षाको आटकारा।

नोआ कामी दो तेलंगानासरकाराक् ओना नीति रेयाक् हिंस काना, नोआ दो ट्रांसजेंडरदोलको बारा-बारी रेयाक् होकको जाम आर मानोत सालाक् तेरोजगारको एमावाको काना। पारोमेन बोछोर खोन गे सरकार दो ओनको ट्रैफिक मार्शल लेकानाक् हुदा रेय बाहाली येत्कोआ। मेट्रोरेन प्रबंध निदेशक सरफराज अहमद दो नोआ आडी मोहोतानाक् उपायेलाई केदा आरे मेन केदा जे नोको 20 प्रतिशत ट्रांसजेंडर कर्मचारी दो आबोवाक् घारोंज रे सेलेदोक्को आडी माराङ काथा काना।नियां उपाई ते एकेन सुरक्षा मोतो बाय केटेच्एत् काना, बिचकोम नोआ पोन्था ते होड़े केटेजेत्कोआ। सोमवार हिलोक् 20 गोटेच्ट्रांसजेंडर कर्मचारीको दो बाछावाकान मेट्रो स्टेशनको आर ट्रेनको रे आकोवाक् ड्युटीको एहोप् केदा।

## बाइक कोमबड़ो मामला रेको लालिस केदा

**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना टोठ रेयाक् धतकीडिह रे आर मित् धाव कोमबड़ो दो पुलिस लिलकार एमावाको तुलुच् बाइकको कोमबड़ोआकादा। धतकीडीह-ए ब्लॉक लाइन नंबर-7 रेन मोह मद मेहफूज आलम दोबिस्तुपुर थाना रे ओल आरदास एम काते आयाक् स्प्लेंडरमोटरसाइकिल नंबर जेएच05सीयू 9239 कोमबड़ो आकाने लालिस आकादा।दुखालीयाक् लेकाते, उनी रेन गाते दो सऊदी अरब सेनोक् माड़ाङ रेओना मोटरसाइकिल उनीय देजोक् लागित्ए एमादे ताहेंना। 30 नवंबरहिलोक् जुहुम मुटामुटी 6.30 बजे उनी दो बाइक आयाक् ओड़ाक्सामाङ मित् आड़े रेय तेंगोवाकात् ताहेंना। मेनखान 1 दिसंबर हिलोक्आडी रे नमाज पाड़हाव लागित् मस्जिद सेनोक् लागित् लातार रेय हेच्एना तोबे बाइक दो बाङ ताहेंकाना। कोमबड़ोयेन मोटरसाइकिल रेयाक्दाम दो मुटामुटी 80 हजार टाकाको लाई आकादा। नोआ घोटोना तायोम टोठरिया होड़ दो सुरक्षा बेबोसता रे रांगावाकानकोजेलोक् काना। झामुमो रेन जिला उपाध्यक्ष अनवर अली दोय मेन केदा जेक्षेत्र रे लागातार कोमबड़ो घोटोना बाढ़व इदीक् काना आर पुलिसाक् बोतोर बोदमासको रे एकालते बाङ ताहेंयाकाना। मेन केदायजे कोमबड़ोय ते पुलिसाक् बोतोर चाबा आकाना। कानून रेयाक्बोतोर चाबाक् कान जेलोक् काना।

## टेल्को नर्सरी रेन कामिया होड़ दो आकोवाक् खोज लागित्को धरना केदा

**पूर्वी सिंहभूम ।** टेल्को वर्कर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी रेन नर्सरी कामिया होड़ाक् मुसकिलाक् इदीकाते मंगलवार हिलोक् कांग्रेसरेन पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबेयाक् आयुर रे मंगलवार हिलोक्को धरना प्रदर्शन केदा। धरना ठांव रे सोसाइटी रेन सचिवघालोक् प्रबंधन प्रतिनिधिको सांवतेको गालमाराव केदा, नोआ रेकामियाहोड़ाक् मुसकिलाक्को बाडाय ओचो केत्कोआ। नोआओकतेको लायात्कोआ जे माड़ाङ रे हों सोसाइटी दो नोको नर्सरी कामियाहोड़ उच्च न्यायालय रे आकोवाक् स्थायी मजदूर रूप रेकोआंगोच लेदा।

बोछोर 2010 रे तिनरे नोको कामियाको लोरा सोसाइटी एमावाकोको कुरूमुटू लेदा, तोबे हों दूबेयाक् आयुर रे कामियाको दो 18 दिन तालाबंदी आंदोलनको चालाव लेदा, इना तायोमप्रबंधन दो आयाक् निर्णय रूवाड़ होयलेनताया। नितोक् आरहों कंपनी लोर सोसाइटी दो नोआ कामी रे सेलेदे कुरूमुटूयेत् काना,ओकादो जाहांटाक् हालोत रे बाङ आंगोचोक्आ। गालमाराव ओकते सोसाइटी सचिव दो जोतो बिंदुको दुस्त रेयाक् आश्वासन एमाकादा, नोआ लागित् दाराय सोमवार हाबिच् सोमोय लागाव आकाना।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर**
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
दूरभाष संख्या :——फैक्स : ——ई–मेल :dsscdeoghar@gmail.com

**–: सूचना :–**

देवघर जिला में कम्बल क्रय हेतु (PR 366462 Deoghar (25-26), D) सभी निविदादाताओं का निविदा क्रय समिति के साथ दिनांक 01.12.2025 को निर्धारित बैठक GeM पोर्टल के तकनीकी कारणों से स्थगित किया जाता है।

अतः GeM पोर्टल के माध्यम से आवेदित सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि निविदा क्रय समिति की अगली बैठक दिनांक 05.12.2025 के 04:00 बजे अपराह्न में देवघर के समाहरणालय सभागार में स्वयं/प्रतिनिधि के साथ ससमय भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा, देवघर।

PR 367532 (Deoghar) 25-26 (D)


## बिदा सांवते मानोत सेमेलेत् आखड़ा रे बारया हाबोलदारको मानोत केत्किना



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला रे मेनाक् चाईबासा पुलिस केंद्र रे पुलिस मेंस एसोसिएशन, शाखा सेच् खोन मंगलवार हिलोक् ओरामेनविदाई सह स मान समारोह रे सेवानिवृत्त कामी खोन जिरावक् कान हाबोलदार गुरूचरण सिरका आर हाबोलदार राय सिंह सोय दो पुलिसघारोंज सेच् खोनको मानोत केत्किना। नोआ ओपसोर रे पुलिस केंद्र चाईबासा रेन परिचारी संतोष कुमार, प्रतीक कुमार, सुनीलकिस्पोट्टा घालोक् जोतो शाखा रेन पदाधिकारी, पुलिस मेंसएसोसिएशन रेन प्रतिनिधि आर पुलिसकामियाको सेलेत् ताहेंकाना। समारोह रे बानार सेवानिवृत्त हाबोलदार गे चाईबासा पुलिस घारोंजसेच् खोन मोंज भविष्य आर सुखआन जियोन रेयाक् बोगेआसकोएमात्किना। कामीहोरा दो पुलिस मेंस एसोसिएशन चाईबासा शाखा रेनअध्यक्ष ओलिभर मिंज ए आयुर केदा। मंत्री तारा चांद महतो दो मंच एसामबड़ाव केदा आर किशुन मुर्मू उपाध्यक्ष आर सुरेश चंद्र मांझी कोषाध्यक्ष हों सेलेत्को ताहेंयेना।

## सोड़ोक घोटना रेकिन बोंगा तालायेन रेन ओड़ाक् होड़ सांवतेय ञापाम एना, मोने आलोपे खाटोयतापेया



**खूंटी।** गोविंदपुर रेन गिराबासी मित् लाच् बोयहा सुभान खान आर समसु खान ताकिन दो पारोमेन दिन सोड़ोक घोटना रेकिन गोच्एनते टोठ रे दुक ते पेरेच् एना। तोरपा रेन सुदीप गुड़िया दोमंगलवार हिलोक् उनकिनाक् ओड़ाक् तेय सेटेर एना आर दुक आकानहोड़को सांवते ञापाम कातेत् आयाक् दुके सोदोर केदा।विधायक सुदीप कुड़िया दो ओड़ाक् रेन होड़ाक् साहोंस एमावाकोतुलुच् ए मेन केदा जे नोआ दो आडी दुक रेयाक् काथा काना। चान्दो दो बोंगा तालायेकिन होड़ाक् आत्मा शांति दोहोयताकिनमा आरघारोंज रेन होड़ दो नोआ मुसकिल ओकते रे दाड़ेय एमावाकोमा।उनी दोय मेन केदा जे जोतो लेकानाक् गोड़ो ञाम आचोको लागित् ते घारोंज सांवते ते तेंगो आकान मेनाया। ओण्डे राहुल केशरी, मुन्ना हेरेज, बीजू सोनी, चंदन ठाकुर लाई ते आयमा सोंगेको सेटेर आकान ताहेंना। ओना छाडा होड़को दो बानार बोंगातालायेनकिन बानार बोयहा लागित् तेको बिनती केदा आर उनकिन रेनघारोंज लागित् ते दुकको सोदोर केदा।

## तोवा रे सासाङ आर घी मेसालकाते ञुई ते जोड़ हासो खोन आराम ञामोक् काना

**नावां दिल्ली।** राबाङदिन जाहां दो आरामानाक् होयोक् काना, नोते आयमा बीमारीको होंय आगुयेत् काना। नोङकान सोमोय रे घाने-घाने रानहाताव बाङकाते आपनार जोम ञू रे बोनोदोल काते आयमा दिकातखोन बांचाव दाड़ेयाक्आ। आदोम खास फूड कॉ बनेशन बाङ एकेनहोड़मोय लोलोयेत् काना, बोरोङ इ यून सिस्टम होंय केटेच्एत्काना, नोआ ते राबाङ रे होयोक् बीमारी खोन बांचाव होयदाड़ेयाक्आ। सोसोलहाकोको मेनेत् काना जे ओकोय होड़ राबाङढेरोक् सांवते गे जुदा-जुदा हिंस रे हासो मुसकिलाक्कोआटकारेत् काना, खासकाते गुन्ठी, एडी, डांडा से काटुप्को रेहासो, ओनको लागित् आयुर्वेद रे लायाकान आदोम मिश्रण आडीगेपोरहोवानाक् गेया। सोसोलहाकोको लायेत् काना जे तोवा रे सासाङआर घी मेसालकाते ञुई ते जोड़ हासो रे आडी आराम ञामोक् काना। नोआ मिश्रण होड़मो रेयाक् हासो कोमाव सांवते जाडको होंयकेटेच्एत् काना, नोआ ते राबाङ रे ढेरोक्आक् अकड़न खोन बांचाव होयोक् काना। राबाङ दिन रे घाने घाने मांदाक् आर खुक्हों आडी आम मुसकिलाक् काना। ओकोय होड़ थोड़ा दिन रे जुकामसापूएत्कोआ, ओनको दो दाही रे हेन्दे मारिच् मेसालकाते जोजोमरे सोलहावाको काना। नोआ मिश्रण दो होड़मो रेयाक् प्रतिरोधकदाड़े बाढ़ाव काते वायरस आर बैक्टीरिया सांव लाड़हाई रेयगोड़ोक् काना। इ यूनिटी केटेज दो राबाङ रे आडी जारूडीगेया, जेमोन होड़मो मौसम बोनोदोल ते होयोक्आक् संक्रमणकोय लाड़हाई दाड़ेयाक्। नोआ लागित् रोज बाजरा पिठा रे घी लागावकाते गुड़ सालाक् जोम लागित् सोलहा एमावाको काना। राबाङ रेहारता रे ग्लो कोमोक् आर होड़मो रे लांगा आटकारोक् दोआम परेशानी काना। नोङका रे होड़मो दो डिटॉक्स जारूडीहोयोक् काना। दिनाम दिन आंवला, चुकंदर आर गाजोर जूस मेसालकाते ञुई ते होड़मो भितार खोन साफाक् काना आर हारता रे नैचूरलग्लो रूवाड़ हिजुक् काना।

# रजनीनियर्स ग्रुप दो इंस्पेक्टर आनंद मिश्राको आताङ दाराम केदेया



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील सेच् खोन हाफ मैराथन दाड़ रे मोंजदाड़ उदुक्केत् रे इंस्पेक्टर सांवते साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रावाक् शहर रेन दादाड़ जुवानकोवाक् नामडाक ग्रुप रनजीनियर्स ग्रुप दो बालेमाहां हिलोक्को आताङ दाराम केदेय। नोआ ताक रे आनंद मिश्रा दो किचरिच् आर बाहा माला होरोक् कातेको आताङ दारामकेदेया। आक्ताङ दारामको रे जमशेदपुर रनजीनियर्स ग्रुप रेन दीपककुमार, अरूपा नंद महतो, इ तियाज अली, प्रभाकर कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अरूंजय कुमार, अभिषेक पाण्डेय एमान सेलेत्को ताहेंकाना। ताक रे दीपक कुमार दोय मेन केदा जे आनंद मिश्रा दो एकेनपुलिसकर्मीको लागित् मित् उसकुरानाक् मोतो दो बाङ बिचकोमहोड़को लागित् हों मित् मोंज पारतुल काना, जाहांय दो निपुट बाबोत रे चिरगाल बानुक्को। उनी दोय मेन केदा जे मिश्रा दोसाबुर रे ताहेंकाते उमार रेयाक् नोआ धाप रे हों ओका दाड़े सालाक् ते मैराथन रे आडी मोंज दाड़े उदुक् केदा ओना दो सारहाव लेक काना।

आसोल काथा दो नोआ काना जे पारोमेन 30 नवंबर हिलोक् जमशेदपुररे ओरामेन हाफमैराथन दाड़ (21.097 किमी) रे आडी मोंज दाड़उदुक्केत् रे इंस्पेक्टर आनंद मिश्रा दोको मान-मानोत केदेया।मिश्रा दो अंतरराष्ट्रीय स्तर रेयाक् जोतो खोन नामडाक मुंबई मैराथन रे हों आडी मोंज दाड़ उदुक् काते जोतो होड़ाक् धियानआच् सेच् लावेर रेय जितकार लेना।


**नगर परिषद कार्यालय, मधुपुर**
~: प्रेस विज्ञप्ति :~
ज्ञापांक ...................... मधुपुर, दिनांक ..........................

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) चतुर्थ घटक अन्तर्गत किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

निदेशक नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक सं0 – 03/न0प्र0नि0/PMAY-U/अंगीकार/264/2019......1509, दिनांक – 11.11.2025 के माध्यम से प्राप्त आदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) चतुर्थ घटक अन्तर्गत स्वीकृत लम्बित पड़े आवास को दिनांक – 31 दिसम्बर 2025 के भीतर पूर्ण किया जाना है।

अतएव किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को सूचीत किया जाता है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा दिनांक – 31 दिसम्बर 2025 के अन्दर अपने आवास का निर्माण कार्य अवश्य पूर्ण कर कार्यालय को सूचित करें।

01 जनवरी 2026 के बाद आवास पूर्ण करने की पूरी जिम्मेवारी लाभुक की होगी। उसे स्वयं के संसाधन से आवास निमार्ण कार्य पूर्ण करना होगा। नगर परिषद/विभाग किसी भी प्रकार का भुगतान करने में असमर्थ होगा।

इसे अतिमहत्वपूर्ण समझें।

प्रशासक
नगर परिषद् मधुपुर।

PR 367533 Deoghar(25-26)D


# ग्लेन मैक्सवेल दो आईपीएल 2026 ऑक्शन खोन ञुतुमे रूवाड़ केदा



खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया रेन स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल दो मंगलवार हिलोक्ए घोषणा केदा जे इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल-2026 रेयाक् ऑक्शन रे बाय सेलेदोक्आ। मैक्सवेल दो आईपीएल-2025 रेयाक् नीलामी रे पंजाब किंग्स दो 4.2 करोड़ टाका तेय किरिञ लेदा। चाहे, पारोमेन सीजन रे उनीयाक् प्रदर्शन प्रभावशाली बाङताहेंलेना। उनी दो आरे मैच रे एकेन 78 रन ए बेनाव केदा आर पोनविकेटे हामेट केदा। ताला सीजन रे उनीयाक् ताला काटुप् रेफ्रैक्चर होयेन ते उनी दो टूर्नामेंट खोन ओडोकोक् होयेनताया। 2012रे आईपीएल डेब्यू बोलोक्इच् मैक्सवेलाक् सोरोसतार सीजन-2014ताहेंयाकान ताहेंना, तिन रे उनी दो 542 रन ए बेनाव लेदा। इना तायोम 2017 रे 310 रन, 2021 रे 513 रन, 2022 रे 301 रन आर 2023 रे 400रन उनीयाक् ञुतुम ताहेंयेना। नोआ माराङ फायसाला लाई तुलुच्मैक्सवेल दो इंस्टाग्राम रेय ओल केदा- 'आईपीएल रे बिताउ केत्आयमा दिनीसा सीजान तायोम, इञ दो निया बोछोर ऑक्शन रेञुतुम बाङ एम रेयाक्इञ फायसाला आकादा। नोआ दो मित् माराङ निर्णयकाना, ओकादो लीग खोन आडी कुसी आर अनुभव दिसाई तुलुच्। इञदो विश्वतारीतेन खिलाड़ीको सालाक् एनेच्ए हाहाड़ा फ्रेंचाइजिको रेयाक् सेलेदोक् आर जुनूनी भारतीय फैंस सामाङ प्रदर्शन रेयाक्एताके ञाम केदा। नोआ दिनीसा नोआ लिलकार आर भारत रेयाक् दाड़े जावगे इञ ओन्तोर रे ताहेंना।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Tender Reference No.-WRD/MID/GODDA/ F2-12/2025-26** **Date-02.12.2025**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।
2. वेवसाइट में ई0–निविदा प्रकाशन की तिथि : 09.12.2025
3. ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 22.12.2025 अपराहन 03:00 बजे तक
4. ई0–निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : 23.12.2025 अपराहन 04:30 बजे मुख्य अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई, दुमका।

| ग्रुप सं0 | कार्य का मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | राज्य सम्पोषित योजना | तेली बाँध मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार। | पोड़ैयाहाट | 86.035 | 1,73,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 2 | राज्य सम्पोषित योजना | बुढ़ीकुरा सरकारी बाँध का जीर्णोद्धार। | गोड्डा | 21.294 | 43,000.00 | 5,000.00 | 09 माह |
| 3 | राज्य सम्पोषित योजना | राजा डांड़ नाला एवं हरिपुर नाला का जीर्णोद्धार। | महागामा | 247.008 | 4,95,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 4 | राज्य सम्पोषित योजना | लकड़मारा दह से खिरौंधी ग्राम तक नाला का जीर्णोद्धार कार्य एवं हेड रेगुलेटर का निर्माण। | मेहरमा | 247.023 | 4,95,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
5-Work performance :- पूर्व से आवंटित कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण नहीं रहने तथा समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने पर अन्य कार्यों में डाली गई निविदा विचारणीय नहीं होगा।
6. समान प्रकृति का कार्य अनुभव अनिवार्य है।
7. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर लॉग आन करें।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा
Mob.- 9939708923

PR 367554 Minor Irrigation(25-26)#D


# शिमला आर लाहौल-स्पीति रे सीजन रेयाक् जोतो खोन रेयाड़ ञिंन्दा

## टाण्डी टोठा रे कुड़हा रेयाक् अलर्ट



खोबोरिया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश रे दिसंबर चान्दो दो काठनाक् रेयाड़ खोन एतोहोप् एना। राजधानी शिमला आर जनजातीय जिला लाहौल.स्पीति रे सीजनरेयाक् जोतो खोन रेयाड़को रिकॉर्ड केदा। शिमला रे न्यूनतमतापमान दो 5.0 डिग्री सेल्सियस हाबिच् सेटेरेना, मित् ञिन्दा रे 4 डिग्री ढेरेना आर नॉर्मल खोन 1.0 डिग्री ढेर गेया। लाहौल.स्पीति जिलारेयाक् ताबो आर कुकुमसेरी रे पारा दो माइनस रे मेनाक्आ।ताबो रे तापमान दो माइनस 8.0 डिग्री हाबिच् सेटेरेना, नोआ सीजन रेयाक् जोतो खोन राबाङ दिन ताहेंकाना। ढेर गे राबाङकान ते जनजातीय जायगा रे दाक् दो बोरोफबेनाक् एहोप् एना आर टोठ रेन होड़ाक् जियोन दो मुसकिल एना। मनाली आर कुफरी लेकान हिल स्टेशनको रे हों रेयाड़ दो ढेरेना। मनाली रे न्यूनतम तापमान दो 2.7 डिग्री सेल्सियस आर कुफरी रे 3.1 डिग्रीको रिकॉर्ड केदा। पोनोत रेयाक् लातार टोठ रे हों काठनाक् लेका रेयाड़काना। सुंदरनगर रे होला सेताक् आडी जासतीय कुड़हा आकात् ताहेंन 70 मीटर हाबिच् रेयाक् गे ञेल ञामोक्कान ताहेंना। मंडी रे विजीलिटी दो 100 मीटर एण्डेखान बिलासपुर रे 50 मीटर हाबिच् ताहेंयेना, नोआ खातिर ते सेताक् सोमोय दो गाड़ी रेयाक्हिजुक्-सेनोक् दो रूगुम चाबायेना।


**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल करियर सेन्टर, दुमका।**

**भर्ती कैम्प सूचना।**

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत **दिनांक :–04 दिसम्बर, 2025 (गुरूवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका** द्वारा **भर्ती कैम्प** का आयोजन किया जा रहा है।

सभी आवेदक को सूचित किया जाता है कि **दिनांक– 04 दिसम्बर, 2025 (गुरूवार) को प्रातः 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका कार्यालय परिसर, पता –सरकारी आई0 टी0 आई0 के निकट पाकुड़ रोड, दुमका** में आयोजित **भर्ती कैम्प** में उपस्थित होकर निम्नवत रिक्तियों से संबंधित रोजगार के सुअवसर का लाभ उठायें :–

| Sl. No | Employer Name | Date | POST | No of Vacancy | Qualification | Gender | Age. | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aatmasamman Foundation, Delhi | 04-12-2025 | Packer | 40 | 10th | Male | 18-35 | 20500/- | Bangalore/ Goa |
| 2 | Synnova Gear & Transmission Pvt. Ltd. West Bengal | | Trainee for Assembly, Line Operator, Quality Inspector, Machine Operator | 250 | 10th 12th ITI, Graduate, Diploma | Male | 18-35 | 15300/- | Gujrat, Rajkot |
| 3 | MRF Ltd. Goa Dahej | | Apprentice Trainee | 200 | 12th /ITI All Trade | Female | 18-26 | 17500/- | Ponda, Goa |
| 4 | Friem Industries Ltd. Tamilnadu | | Apprentice Trainee | 200 | 12th /ITI All Trade, Diploma | Female | 18-26 | 18500/- | Hosur, Tamilnadu |

नोट :– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि नियोजनालय, दुमका में आवेदक नियोजनालय के वेव पोर्टल – **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** के होम पेज के **New Jobseeker** में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते हैं। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से सम्बंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदक अपने **सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

सहायक निदेशक (नियोजन)
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका।

PR 367545 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

# जलापूर्ति योजनाओं की रफ्तार तेज करें : डीसी

## कहा- जल्द पूरा होगा हर घर जल सत्यापन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष डीसी अभिनीत सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट आदेश दिया कि प्रमंडल संख्या 01 एवं 02 अंतर्गत संचालित सभी पेयजलापूर्ति योजनाओं में आरएमएस इंस्टॉलेशन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में अभी तक आरएमएस नहीं लगाया गया है, वहां त्वरित कार्रवाई कर कार्य पूर्ण किया जाए।
उपायुक्त ने सभी कनीय अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं के आरएमएस डेटा प्राप्त कर संबंधित योजनाओं से उसका मिलान किया जाए तथा झर जल पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड की जाए। उन्होंने एफएचटीसी का कार्य सौ प्रतिशत पूरा हो चुके गांवों को चिह्नित कर जल्द से जल्द हर घर जल सत्यापन कार्य पूरा करने का भी आदेश दिया। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि योजनाओं के पूर्ण होने के बाद त्रिपक्षीय समझौता अनिवार्य रूप से कराया जाए, जिससे भविष्य में संचालन एवं रख-रखाव से संबंधित प्रक्रिया सुचारू रहे।
बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-02, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## अनाबादी जमीन पर भूमाफियाओं का कब्ज़ा, राजस्व विभाग अनजान, ग्रामीणों में आक्रोश



**रानीश्वर (दुमका)।** मौजा ढोड्डा की अनाबादी जमीन पर अवैध कब्ज़े का मामला सामने आया है, जहां भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि 63 बीघा से अधिक सरकारी भूमि पर खुलेआम कब्ज़ा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि राजस्व विभाग के अधिकारी पूरी तरह बेखबर बने हुए हैं। मौजा ढोड्डा की जमाबंदी संख्या-102 में कुल 114 बीघा अनाबादी जमीन दर्ज है। इसी में दाग संख्या 757 का रकबा 63 बीघा 6 कठा है, जिसे गेंजार सेटलमेंट रिकॉर्ड में महुलबागान के नाम से दर्ज किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाटजोड़ मौजा के जमाबंदी रैयत निरंजन घोष ने एसपीटी एक्ट की धज्जियां उड़ाते हुए इस सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्ज़ा कर पोल्ट्री फार्म का निर्माण शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महुल बागान की यह भूमि गांव की सामुदायिक संपत्ति है और इसे कोई भी व्यक्ति व्यक्तिगत उपयोग के लिए कब्ज़ा नहीं कर सकता। अवैध निर्माण का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देकर जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारी इस अवैध कब्ज़े पर मौन साधे बैठे हैं, जिससे भूमाफियाओं के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं। अब गांव के लोग प्रशासनिक कार्रवाई की उम्मीद में हैं और मांग कर रहे हैं कि अवैध कब्जाधारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

## जनता दरबार में 20 आवेदनों पर कार्रवाई की शुरुआत



**गोपीकांदर ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में प्रखंड के विभिन्न विभागों से जुड़े समस्याओं और जनअभियोगों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए। मिली जानकारियों के अनुसार, प्राप्त आवेदनों में जाति-निवास प्रमाण पत्र के 1, आधार संबंधी 6, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के 6, सर्वजन पेंशन के 3, मनरेगा से संबंधित 1, प्रथम मजिस्ट्रेट हस्ताक्षर 1, तथा खाद्य आपूर्ति विभाग से जुड़े 2 आवेदन शामिल थे। जनता दरबार में अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार सिंह, सहायक अभियंता सलीम मरांडी, अंचल निरीक्षक सुधांशु सुमन, प्रखंड बड़ा बाबू सुनील कुमार मंडल, पंचायत सचिव विशेश्वर महतो, महेशलाल मुर्मू, रोजगार सेवक कालीदास किस्कू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। जनता दरबार के माध्यम से लोगों ने अपनी समस्याएं निर्भीक होकर अधिकारियों के सामने रखीं और त्वरित समाधान की उम्मीद जताई।

## बासुकीनाथ मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक ने दर्शन पूजन किया



**जरमुंडी ।** प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ मंदिर में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश चंद्र ने भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर उनके साथ उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद जी,झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री देवी लाल एवं प्रांत सह मंत्री राम नरेश ने भी बाबा बासुकीनाथ का दर्शन कर मत्था टेका। विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक दिनेश चंद्र के बासुकीनाथ आगमन पर संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत कर बाबा बासुकीनाथ का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद के बासुकीनाथ नगर मंत्री दामोदर पंडा, नगर अध्यक्ष पंकज यादव , नगर कार्यवाह संजय अग्रवाल, नंद किशोर , सरोज कुमार जिला सत्संग प्रमुख, समरेश कुमार जिला सेवा प्रमुख, राहुल पंडा सह नगर कार्यवाह,नितेश चौरसिया, सौरव पंडा, रितेश पंडा, लालू पंडा एवं विक्रम कुमार जिला संयोजक धर्म जागरण समन्वय उपस्थित रहे ।

## खो खो प्रतियोगिता के लिए 9 खिलाड़ी चयनित



**दुमका ।** राष्ट्रीय स्विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025- 26 (खोखो )के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर के लिए दुमका से कुल 09 स्कूली छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि के लिए जिले के तमाम आलाधिकारियों सहित सभी शारीरिक शिक्षक और खेलप्रेमियों ने राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय करविंधा, रामगढ़ के शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह प्रशिक्षक संतोष कुमार पटेल तथा जिला खोखो के मार्गदर्शक मोश्‍ मोइन अंसारी सर को बधाई दी है। चयनित छात्र छात्राएं निम्नांकित हैं - अंडर 14 बालक वर्ग में सूर्यकांत किस्कु (संथाल आवासीय विद्यालय मसलिया) आयुष राज (संथाल आवासीय विद्यालय मसलिया)अंडर 19 बालक वर्ग में दीपक कुमार(संथाल आवासीय विद्यालय मसलिया), सूरज उरांव (संथाल आवासीय विद्यालय मसलिया) तथा विमल हसदा (उच्च विद्यालय हरिपुर)अंडर 19 बालिका वर्ग में सुंदरी सोरेन तथा मार्था सोरेन (राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय करविंधा रामगढ़)अंडर 17 बालक वर्ग में वीरेंद्र हेंब्रम (आर उच्च विद्यालय जमा) तथा सुजीत मुर्मू (संथाल आवासीय विद्यालय मसलिया)

## बासुकीनाथ में 38 हजार भक्तों ने की पूजा अर्चना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** बाबा बासुकीनाथ मंदिर में मंगलवार को मार्गशीर्ष शुक्ल द्वादशी उपरांत त्र्योदशी तिथि के उपलक्ष्य पर भौम प्रदोष को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए मंगलवार को बिहार के मिथिलांचल, कोसी क्षेत्र, बंगाल के पश्चिम बर्द्धमान, कोलकाता सहित पूर्वोत्तर राज्यों से बड़ी तादाद में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुंचे। भौम प्रदोष पर श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मार्गशीर्ष मास के पावन अवसर पर अच्छी तादाद में श्रद्धालु बिहार के उत्तर वाहिनी सुल्तानगंज गंगा घाट से पवित्र जल लेकर बासुकीनाथ पहुंचे रहे हैं।
प्रदोष तिथि पर भगवान बासुकीनाथ का पूजन श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा अवसर जैसा था। शिवभक्त ऐसे पवित्र तिथि पर पूजा अराधना के लिए लालायित रहते हैं। प्रदोष काल को लेकर मंगलवार को दोपहर के बाद पूरा दिन पुण्यकाल का था। ठंढ के बावजूद मंगलवार को 38 हजार से अधिक श्रद्धालु भक्तों ने बाबा बासुकीनाथ का स्पर्श पूजा किया। प्रदोष तिथि पर मंगलवार को बासुकीनाथ मंदिर पूर्वाह्न चार बजे खोला गया। ब्रह्ममुहूर्त में भगवान बासुकीनाथ की षोडशोपचार पूजा संपन्न हुई। प्रभातकालीन सरकारी पूजा के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। इसके बाद शिवभक्तों ने सुरक्षित तरीके से जलार्पण और स्पर्श पूजा प्रारंभ किया। भौम प्रदोष तिथि पर श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में ध्वजारोहण और गठबंधन करवाया।श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक, जप अनुष्ठान, शांति पूजन, मुंडन और श्रृंगार पूजा भी संपन्न करवाए।

## साइबर क्राइम के आरोपी को कोर्ट भेजा गया



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मसलिया ।** सायबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच मसलिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम में संलिप्त प्राथमिक अभियुक्त दानिश अंसारी (उम्र 20 वर्ष), पिता हदीश मियां, निवासी बड़ा डुमरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए मंगलवार को न्यायालय में उपस्थापित किया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध मसलिया थाना कांड संख्या 79/25, दिनांक 01/12/25 दर्ज है, जिसमें धारा 318(4)/319(2)/336(3)/340(2) बीएनएस 2023 एवं आईटी एक्ट की धारा 66(सी)/66(डी) के तहत कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि दानिश अंसारी पर ऑनलाइन ठगी, बैंक खातों से अवैध लेन-देन तथा फर्जी कॉल के माध्यम से लोगों को गुमराह कर धन उगाही करने के आरोप हैं। प्रारंभिक जांच में कई अहम साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया।
पुलिस सूत्रों के अनुसार दानिश अंसारी काफी समय से साइबर गिरोह के साथ सक्रिय था और विभिन्न जिलों के भोले-भाले लोगों को निशाना बनाता था। उसके मोबाइल, सिम कार्ड और बैंक लेन-देन से संबंधित दस्तावेज जब्त कर जांच के लिए भेजे गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अन्य संदिग्ध लोगों की भी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अभियान तेज कर चुकी है तथा ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

## दुमका में सड़क सुरक्षा पर सख्ती: 4 दिनों में 5 लाइसेंस निलंबित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कड़े कदम उठा रहा है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के आदेश पर जिला परिवहन कार्यालय एवं सभी थाना क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में उपलब्ध कराए गए ब्रेथ एनालाइजर से प्रतिदिन वाहन चालकों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में जामा तथा हंसडीहा थाना क्षेत्रों में शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला परिवहन कार्यालय ने इन चालकों से जुर्माना वसूलने के साथ उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। पिछले चार दिनों में इस तरह कुल 5 चालकों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। निर्देश दिया गया है कि दोबारा गलती दोहराने पर लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा।
जिला परिवहन पदाधिकारी एवं सभी एमभीआई द्वारा वाहनों के परमिट, ओवरलोडिंग और प्रदूषण मानकों की भी सघन जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर निरंतर जुर्माना वसूला जा रहा है। नवंबर माह में 15 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है, जबकि 5 लाख रुपये से अधिक का ऑनलाइन चालान भी जारी किया गया है। ऑनलाइन चालान का समय पर भुगतान न होने पर वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
उपायुक्त ने जिले के दोपहिया चालकों से अपील की है कि वे सभी कागजात और लाइसेंस के साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं, जिससे दुर्घटनाओं में होने वाली जन-धन की क्षति से बचा जा सके।

## अनाथ बच्चियों को मिला स्नेहिल परिवार, तीन दत्तक ग्रहण मामलों पर आदेश जारी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जिला प्रशासन ने अनाथ और परित्यक्त बच्चों को सुरक्षित और स्नेहिल परिवार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के प्रावधानों के तहत तीन बच्चियों के दत्तक ग्रहण का अंतिम आदेश पारित कर दिया। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दो भारतीय और एक विदेशी दंपति ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर बच्चियों को गोद लिया है। इस आदेश के पारित होने के बाद तीनों बच्चियों को अब नया परिवार प्राप्त हो गया है, जिससे उनके भविष्य, शिक्षा और संवारते कल का मार्ग प्रशस्त होगा। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन ऐसे दंपतियों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है जो अनाथ बच्चों को गोद लेकर उन्हें बेहतर जीवन देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के अंतर्गत निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कोई भी इच्छुक दंपति अनाथ और परित्यक्त बच्चों को गोद ले सकता है। प्रशासन के स्तर पर सभी मामलों की विधिवत जांच और अनिवार्य प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाता है, जिसके बाद जिला दंडाधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित किया जाता है। डीसी ने समाज के सक्षम और इच्छुक दंपतियों से अपील की है कि वे आगे आएं और अनाथ बच्चों को गोद लेकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से परिवार का संरक्षण, शिक्षा के अवसर और सुरक्षित भविष्य मिलता है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ते हैं।

## दुमका के चन्द्रमोहन ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीत, रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** इटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित 42वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2025 में दुमका के बालक तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के होनहार खिलाड़ी चन्द्रमोहन सोरेन ने भारतीय टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया।
गरीब परिवार से आने वाले चन्द्रमोहन के इस ऐतिहासिक सम्मान पर दुमका रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दुमका जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष डॉ. लुईस मरांडी
संघ के संरक्षक बी. किस्कू
जिला सचिव एवं प्रशिक्षक देवीधन टुडू झारखंड तीरंदाजी संघ के सीनियर उपाध्यक्ष के.एन. सिंह
कोषाध्यक्ष सूरज केशरी
उपाध्यक्षगण डॉ. नारायण हांसदा, अग्नेश मुर्मू, सुनील सोरेन, सुबोध बास्की, सुशील हेम्ब्रम, पंकज टुडू (मुख्याजी), कमीशन सोरेन (मुखिया भूटोकोरिया पंचायत) एवं मंटू सोरेन मुख्य कोच जीतेन्द्र कुमार
चन्द्रमोहन के माता-पिता प्रभुदयाल सोरेन और प्रमिला मुर्मू, परिवार के अन्य सदस्य और केंद्र के साथी खिलाड़ी भी इस खुशी के मौके पर मौजूद रहे।

## रामगढ़ में गुरु गोष्ठी : बीईईओ ने स्कूलों में अनुशासन और पारदर्शिता पर दिया जोर



**रामगढ़ ।** दुमका के रामगढ़ मध्य विद्यालय के सभागार में मंगलवार को बीईईओ करुणा रानी मंडल की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया कि मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार नियमित रूप से संचालित किया जाए। वेंडरों को समय पर चावल उपलब्ध कराने तथा वजन मशीन से ही माप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बीईईओ ने बताया कि रेल परीक्षा के अंक ई.वी.वी. में दर्ज किए जाएंगे तथा शिक्षक एवं छात्र–दोनों की उपस्थिति प्रतिदिन समय पर ई.वी.वी. में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। एमडीएम एसएमएस प्रतिदिन सुबह 11 बजे तक भेजना सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने डहर ऐप में टोला टैगिंग कार्य तुरंत पूर्ण करने, पोशाक एवं छात्रवृत्ति का 100% डेटा अपलोड करने, तथा ड्रॉपबॉक्स बच्चों को संबंधित स्कूलों में इम्पोर्ट करने के निर्देश दिए। सभी स्कूलों में स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम* नियमित रूप से संचालित कर उसकी ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने को भी कहा गया। बैठक में बीईईओ करुणा रानी मंडल, बीपीओ आनंद शंकर मुर्मू, एमडीएम ऑपरेटर, बीएमआईएस, बीआरपी, सीआरपी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## रामगढ़ में स्वास्थ्य सहियाओं की बैठक, मानदेय बढ़ाने और सम्मान योजना से जोड़ने की उठी मांग



**रामगढ़ (दुमका) ।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया कर्मचारी संघ की रामगढ़ इकाई की बैठक मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य एवं प्रखंड उपाध्यक्ष निलमनी हांसदा, जिला संरक्षक विजय कुमार दास सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक विजय कुमार दास ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया सरकार की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनके कार्यों से स्वास्थ्य सुविधाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संथाल परगना के लोकप्रिय विधायक बसंत सोरेन तथा विधायक डॉ. लुईस मरांडी के प्रति आभार व्यक्त किया कि झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य सहियाओं के लिए 5500 रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया है। जिला सलाहकार समिति सदस्य निलमुनी हांसदा ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया सरकार द्वारा दिए गए सभी दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाती हैं, इसलिए उन्हें निर्धारित मानदेय दिया जाना चाहिए। वहीं, अध्यक्ष रीना देवी ने मांग की कि स्वास्थ्य सहियाओं को 'मैया सम्मान योजना' से जोड़ा जाए, जिससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिल सके। बैठक में समान काम समान वेतन लागू करने, नियुक्ति पत्र निर्गत कर सहियाओं को अनुबंधित कर्मचारी घोषित करने तथा कोविड-19 का लंबित बकाया प्रोत्साहन राशि अविलंब भुगतान करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। बैठक में नीलम देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी सहित दर्जनों स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थीं।

## सुंदरी और मर्था सोरेन का खो-खो में चयन



**रामगढ़ (दुमका) ।** प्रखंड के राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय कड़बिंधा की दो छात्राओं सुंदरी सोरेन और मर्था सोरेन का 23 से 28 दिसंबर 2025-26 तक आयोजित राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग खो-खो के लिए चयन हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार मोदी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर छात्राओं का चयन विद्यालय के लिए गर्व और खुशी की बात है। वहीं शारीरिक शिक्षा शिक्षक संतोष पटेल ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य बच्चियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। बताया जा रहा है कि सुंदरी सोरेन इससे पहले अंडर-19 बालिका वर्ग में 50 मीटर फ्री स्टाइल स्विमिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। इसके अलावा, विद्यालय की ही एक अन्य छात्रा मर्शीला मुर्मू ने 48 किग्रा भार वर्ग कुश्ती चैंपियनशिप में राज्य स्तर पर सिल्वर मेडल जीता है।

## केंद्र का काम केवल शहरों, सड़कों, स्थलों और धरोहरों के नाम बदलने पर केंद्रित : डॉ. मुन्नम



**देवघर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र को अब नाम बदलो मंत्रालय बनाकर औपचारिक रूप से घोषित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का ध्यान केवल शहरों, सड़कों, स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों के नाम बदलने पर केंद्रित है, जबकि देश की असली समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। डॉ. संजय ने आरोप लगाया कि बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की परेशानी और गिरती अर्थव्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार का कोई ठोस रुख दिखाई नहीं देता। उनका कहना था कि काम करने की शैली देश को जोड़ने के बजाय विभाजित करने वाली साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से पूरे देश में वैचारिक विभाजन फैलाने की कोशिश जारी है और विपक्ष को डराने तथा दबाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामयाबियों से जनता का ध्यान हटाने के लिए नाम बदलने की राजनीति का सहारा ले रही है, क्योंकि काम से पहचान न बन पाने के कारण नाम बदलकर पहचान गढ़ने की कोशिश की जा रही है। इतिहास, भूगोल और समाजवादी मूल्यों को कमजोर करने की साजिश बताकर उन्होंने चेताया कि यह प्रवृत्ति देश और समाज के लिए गंभीर खतरा है। अंत में डॉ. मुन्नम संजय ने दावा किया कि केंद्र सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686